◆ वर्ष - 35 ◆ अंक 54 ◆ www.skhnewstv.com ◆ 2 सितम्बर 2024 फिरोजाबाद ◆ पृष्ठ : 8 ◆ मूल्य : 1

दैनिक सच क्या है की प्रस्तुति

SKH NEWS

R.N.I.NO. 56725/89

# सच क्या है

(उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक)



अंदर के पेज

3 निवेश का नया केंद्र बनेगा आगरा, यूपीसीडा जल्द शुरू कर रहा आईएमसी परियोजना

4 हजारों की संख्या में भक्तों की मौजूदगी में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

5 लव जिहाद : बुर्का पहनकर कोर्ट पहुंची युवती ने मोहम्मद मुस्लिम से की शादी, मचा हंगामा

6 कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस गर्ग पहुँची बाराबंकी

7 शिक्षिका कमलेश हत्याकांड का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

## प्रधानमंत्री मोदी ने पैरालंपिक पदक विजेताओं से फोन पर की बात, दी बधाई

नई दिल्ली, 01 सितंबर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले पैरा खिलाड़ियों से रविवार को फोन पर बात की। प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को



बधाई देते हुए कहा कि आपकी उपलब्धियों पर सभी देशवासियों को गर्व है। केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पैरालंपिक खिलाड़ियों से प्रधानमंत्री की बातचीत का वीडियो शेयर किया।

मांडविया ने लिखा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस पैरालंपिक में भारत का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों से संवाद किया और उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए सरहना की। साथ ही मेडल विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने आगे लिखा कि पिछले 10 वर्षों में पैरालंपिक खेलों को मिला सम्मान और समर्थन, हमारे खिलाड़ियों के हौसले को नई ऊंचाइयों पर ले गया है। इससे भारत में पैरालंपिक खेलो के प्रति एक नई चेतना का संचार हुआ है, जिससे युवाओं को प्रेरणा मिल रही है। खेलों के प्रति उत्साह भी बढ़ा है जिसका परिणाम है कि आज पेरिस पैरालंपिक में भारत का प्रदर्शन सरहनीय है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांस्य पदक विजेता प्रीति पाल से बात करते हुए पूछा, ''आप सब कैसे हैं।'' प्रीति ने कहा, ''हम सब बहुत अच्छे हैं।'' प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि पैरालंपिक में मेडल जीतने के लिए आप सभी को बहुत-बहुत बधाई। आपने हिन्दुस्तान के तिरंगे को फहराया है। भारत की शान को बढ़ाया है। देशवासियों को आप सबकी उपलब्धियों पर गर्व है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मैं अवनी को भी बधाई देना चाहता था लेकिन उन्हें किसी और इवेंट में हिस्सा लना था। उनकी सफलता से भी पूरा देश झूम उठा है। प्रीति ने प्रधानमंत्री को बधाई देने के लिए धन्यवाद दिया।

प्रधानमंत्री ने रजत पदक विजेता मनीष नरवाल से बातचीत करते हुए कहा, ''मनीष आप कैसे हैं? वहां की कोई खास बात बताना चाहेंगे' ? इस पर मनीष नरवाल ने कहा, 'सर, यहां काफी अच्छा मौसम है। भारतीय निशानेबाज काफी अच्छी मेहनत करके आए हैं। निश्चित रूप से हम पिछली बार से ज्यादा पदक लेकर जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''मनीष मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई।''

प्रधानमंत्री मोदी ने कांस्य पदक विजेता रुबीना फ्रांसिस से उनका हाल जाना। प्रधानमंत्री ने पूछा कि रुबीना बताइए आप कैसी है। रुबीना ने प्रधानमंत्री से बातचीत के दौरान कहा, ''सर हम अच्छे हैं। मैं पिछली बार सातवें स्थान पर रही थी और इस बार कांस्य लाने में सफल रही। मेरे लिए काफी चीजें बदली हैं। मुझे काफी गर्व महसूस हो रहा है।'' प्रधानमंत्री ने कहा, आपको बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि बाकी खिलाड़ी जिनके खेल चल रहे और जिनका मुकाबले होने बाकी हैं, उनको भी मेरी तरफ से शुभकामनाएं देना। इसी के साथ प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं मौका मिलते ही अवनि से अलग से बात करूंगा। बहुत-बहुत धन्यवाद। इस साल भारत ने पैरालिंपिक में अब तक का अपना सबसे बड़ा दल भेजा है, जिसमें 12 खेलों के 84 एथलीट शामिल हैं। भारत अब तक पेरिस पैरालंपिक में एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य समेत कुल पांच पदक हासिल कर चुका है।

## एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने वायु सेना के उप प्रमुख का कार्यभार संभाला

### -राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि दी- विभिन्न विमानों में 4,500 घंटे से अधिक समय उड़ान भरने का अनुभव

नई दिल्ली, 01 सितम्बर (हि.स.)। एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने रविवार को भारतीय वायुसेना के उप प्रमुख (डीसीएएस) का पदभार संभाला। उन्होंने वायुसेना मुख्यालय (वायु भवन) में चार्ज लेने के बाद नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि दी। अत्यधिक अनुभवी लड़ाकू पायलट सिंह को विभिन्न विमानों में 4,500 घंटे से अधिक समय तक उड़ान भरने का अनुभव है। उन्होंने अपने लंबे करियर में कई महत्वपूर्ण कमांड और स्टाफ नियुक्तियां की हैं।

एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ऐसे महत्वपूर्ण समय में अपना नया पदभार संभाल रहे हैं, जब भारतीय वायु सेना को एलसीए मार्क-1ए, एलसीए मार्क-2 और अपने सुखोई-30 एमकेआई बेड़े के उन्नयन सहित कई महत्वपूर्ण विमान परियोजनाओं को आगे बढ़ाना है। भारतीय वायु सेना को सी-295 परिवहन विमान परियोजना को शामिल करने जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के साथ-साथ देश में विकसित और निर्मित की जा रही कई हथियार प्रणालियों और मिसाइलों को भी




आगे बढ़ाना है।

भारतीय सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति ने उनकी सराहनीय सेवाओं के सम्मान में 2007 में वायु सेना पदक और 2022 में अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र एयर मार्शल तेजिंदर सिंह मई, 2023 से सभी महत्वपूर्ण पूर्वी वायु कमान के वरिष्ठ वायु कर्मचारी अधिकारी हैं। उन्हें 13 जून, 1987 को भारतीय वायुसेना की लड़ाकू शाखा में कमीशन दिया गया था। वे 4500 घंटे से अधिक उड़ान के अनुभव वाले श्रेणी 'ए' योग्य उड़ान प्रशिक्षक हैं। उन्होंने एक लड़ाकू स्क्वाड्रन, एक रडार स्टेशन, एक प्रमुख लड़ाकू बेस की कमान संभाली है। वे जम्मू और कश्मीर में एयर ऑफिसर कमांडिंग रह चुके हैं।

## गृह मंत्रालय ने गुजरात में बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी केन्द्रीय दल का गठन किया

### -केन्द्र सरकार, आपदा-प्रभावित राज्यों को हरसंभव मदद देने के प्रति पूरी तरह कटिबद्ध

नई दिल्ली, 01 सितंबर (हि.स.)। गृह मंत्रालय ने गुजरात में बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) के




कार्यकारी निदेशक के नेतृत्व में एक अंतर-मंत्रालयी केन्द्रीय दल (आईएमसीटी) का गठन किया है। आईएमसीटी जल्द ही गुजरात के बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करेगी।

25-30 अगस्त के दौरान, राजस्थान और गुजरात के ऊपर बने गहरे दबाव के कारण गुजरात भारी से अत्यंत भारी वर्षा से बुरी तरह प्रभावित हुआ। मध्य प्रदेश और राजस्थान भी भारी से बहुत भारी वर्षा से प्रभावित हुए हैं। इस वर्ष, हिमाचल प्रदेश भी भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं से प्रभावित हुआ है। गृह मंत्रालय इन राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों के संपर्क में है और अगर वहां से गंभीर नुकसान की सूचना मिलती है तो वहां भी आईएमसीटी भेजी जाएगी। वर्तमान मानसून सीजन के दौरान कुछ अन्य राज्य भी भारी वर्षा, बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन आदि से प्रभावित हुए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार, आपदा-प्रभावित राज्यों को हरसंभव मदद देने के प्रति पूरी तरह कटिबद्ध है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अगस्त, 2019 में लिए गए एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत गृह मंत्रालय प्रभावित राज्यों से ज्ञापन की प्रतीक्षा किए बिना नुकसान का मौके पर आंकलन करने के लिए आईएमसीटी का गठन कर देता है। इस वर्ष, गृह मंत्रालय ने आईएमसीटी का गठन किया है, जिन्होंने बाढ़/भूस्खलन-प्रभावित असम, केरल, मिजोरम और त्रिपुरा में नुकसान का मौके पर आंकलन करने के लिए ज्ञापन की प्रतीक्षा किए बिना पहले ही दौरा कर लिया है। नागालैंड के लिए भी आईएमसीटी का गठन किया गया है जो जल्द ही राज्य के प्रभावित इलाकों का दौरा करेगी। पहले, आईएमसीटी राज्य सरकार से ज्ञापन प्राप्त होने के बाद ही आपदा प्रभावित राज्यों का दौरा करती थी।

## लूटपाट का विरोध करने पर युवक की चाकू मारकर हत्या

नई दिल्ली, 01 सितंबर (हि.स.)। उत्तम नगर इलाके में 31 अगस्त को लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने एक युवक को चाकू से गोद दिया। आरोपित चाकू मारने के बाद पीड़ित के पैसे लेकर फरार हो गए। पीड़ित को अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उत्तम नगर थाना पुलिस ने लूट और हत्या की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस वारदात वाली जगह पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपितों की पहचान का प्रयास कर रही है।

डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि मृतक 18 वर्षीय मोनू अपने परिवार के साथ फतेहपुर, मेरठ, उत्तर प्रदेश में रहता था। द्वारका इलाके में मेला लगा हुआ है, जहां मजदूरी करने के लिए मोनू मेरठ से दिल्ली आया हुआ था। मोनू मेला स्थल पर ही रहता था। 31 अगस्त की रात मेला खत्म होने के बाद मोनू अपने दोस्त मोनू कुमार के साथ खाना खाने के लिए उत्तम नगर टर्मिनल के पास खाना खाने के लिए जा रहा था। दोनों दोस्तों को रास्ते में चार लड़कों ने रोक लिया। चारों बदमाश उनके साथ लूटपाट करने लगे। पीड़ित और उसके दोस्त ने विरोध किया तो आरोपितों ने उनकी पिटाई शुरू कर दी। पिटाई के दौरान एक बदमाश ने चाकू निकाल कर मोनू पर हमला कर दिया। आरोपितों ने एक के बाद एक कई वार किए और दोनों से पैसे लूट कर मौके से फरार हो गए। मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरें में यह घटना रिकार्ड हो गई।

घायल के दोस्त मोनू कुमार ने लोगों ने मदद से उसे डीडीयू अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल से मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

घायल मोनू की हालत गंभीर होने से पर उसे सफदरजंग अस्पताल भेज दिया गया। जहां उपचार के दौरान मोनू ने दम तोड़ दिया।

## भारत अब 64 में से 45 तकनीक के लिए शीर्ष 5 देशों में शामिल, चीन टॉप पर

### -पिछले साल 37वें नंबर से भारत को तकनीक के मामले में बढ़त हासिल
### -भारत 64 में से सात प्रौद्योगिकियों में अमेरिका को पछाड़ दूसरे स्थान पर

नई दिल्ली, 01 सितम्बर (हि.स.)। भारत अब 64 में से 45 प्रौद्योगिकियों के लिए शीर्ष 5 देशों में शामिल हो गया है। पिछले साल भारत 37वें नंबर पर था लेकिन एक साल के भीतर तकनीक के मामले में भारत को यह बढ़त हासिल हुई है। भारत ने 2 नई प्रौद्योगिकियों में दूसरे स्थान पर रहने वाले अमेरिका को पछाड़ दिया है तथा 64 में से सात प्रौद्योगिकियों में दूसरे स्थान पर है। इतना ही नहीं, भारत ने सात प्रौद्योगिकियों में दूसरा स्थान हासिल किया है।

क्रिटिकल टेक्नोलॉजी ट्रैकर रिपोर्ट के अनुसार भारत ने 2023 में तकनीकी अनुसंधान के दो उभरते क्षेत्रों जैविक विनिर्माण और वितरित खाता बही प्रौद्योगिकी में दूसरे स्थान पर दावा करने के लिए अमेरिका को पीछे छोड़ दिया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र में भारत उन्नत डेटा एनालिटिक्स, एआई एल्गोरिदम, हार्डवेयर एक्सेलेरेटर, मशीन लर्निंग, उन्नत एकीकृत सर्किट डिजाइन और निर्माण, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और प्रतिकूल एआई सहित विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में अमेरिका और चीन से पीछे है।

रिपोर्ट के अनुसार यह 2003-2007 की तुलना में एक बड़ी छलांग है, जब भारत केवल चार प्रौद्योगिकियों के लिए शीर्ष पांच में था। ट्रैकर अंतरिक्ष, रक्षा, ऊर्जा, पर्यावरण, एआई, रोबोटिक्स, जैव प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, उन्नत कंप्यूटिंग, उन्नत सामग्री और क्वांटम प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को कवर करता है। यह विशेष रूप से 2003 से 2023 तक के डेटा को संकलित करने के साथ ही उच्च-प्रभाव वाले शोध को ट्रैक करता है, जिसे किसी देश के शोध प्रदर्शन, रणनीतिक लक्ष्यों और भविष्य की तकनीकी क्षमता के संकेतक के रूप में सबसे अधिक उद्धृत पत्रों के शीर्ष 10 प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 64 महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में से 57 में आगे रहने पर चीन वैश्विक शोध चार्ट में सबसे ऊपर है। 2003 और 2007 के बीच अमेरिका 60 प्रौद्योगिकियों में अग्रणी था, अब केवल सात क्षेत्रों (2019-2023 रैंकिंग के आधार पर) में शीर्ष स्थान रखता है, जिसमें क्वांटम कंप्यूटिंग और वैक्सीन और चिकित्सा प्रतिवाद शामिल हैं। ब्रिटेन की स्थिति में भी गिरावट आई है, अब यह 37 प्रौद्योगिकियों में शीर्ष पांच में है, जबकि पिछले साल यह 44 प्रौद्योगिकियों में था। एक गुट के रूप में गिने जाने वाले यूरोपीय संघ दो क्षेत्रों छोटे उपग्रह और गुरुत्वाकर्षण बल सेंसर में अग्रणी और 30 में दूसरे स्थान पर है। जर्मनी 27 प्रौद्योगिकियों के लिए शीर्ष पांच में रहकर मजबूत बना हुआ है।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने एनएचपीसी और एसजेवीएन के सीएमडी को नवरत्न का दर्जा मिलने पर दी बधाई

नई दिल्ली, 01 सितंबर (हि.स.)। केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने आज एनएचपीसी और एसजेवीएनएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों को भारत सरकार द्वारा इन दोनों सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को ‟नवरत्न” का दर्जा दिए जाने की प्रतिष्ठित उपलब्धि पर बधाई दी।

मनोहर लाल ने इस प्रगति की सराहना करते हुए इसे दोनों सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया तथा उन्हें भविष्य में और अधिक उपलब्धियां हासिल करने की आकांक्षा रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

नवरत्न का दर्जा एनएचपीसी और एसजेवीएनएल को तेजी से निर्णय लेने, दक्षता बढ़ाने और अधिक सशक्त बनाने में मदद करेगा। यह दर्जा प्रमुख पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) निर्णयों और निवेश योजनाओं का समर्थन करता है, विकास को बढ़ावा देता है, बाजार पहुंच का विस्तार करता है और दीर्घकालिक लाभ प्राप्त करता है। वर्तमान में एनएचपीसी और एसजेवीएनएल की कुल स्थापित क्षमता क्रमशः 7144 मेगावाट और 2467 मेगावाट है। ये कंपनियां वर्तमान में एनएचपीसी द्वारा 10443 मेगावाट और एसजेवीएनएल द्वारा 4836 मेगावाट की परियोजनाओं के निर्माण में लगी हुई हैं।

## सराफा बाजार में गिरावट से सस्ता हुआ सोना, चांदी का भाव भी टूटा

नई दिल्ली, 01 सितंबर (हि.स.)। घरेलू सराफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन मामूली गिरावट नजर आ रही है। आज की गिरावट की वजह से देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 73,190 रुपये से लेकर 73,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67,100 रुपये से लेकर 66,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी भी आज 900 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हुआ है। भाव में गिरावट आने के कारण दिल्ली सराफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 87,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 73,040 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,950 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 73,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,090 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 67,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,190 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 73,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## हत्या के मामले में वांछित आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली, 01 सितंबर (हि.स.)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 2018 के रनहौला में हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अभय सिंह उर्फ दारा सिंह (25) के रूप में की गई है। आरोपित राजस्थान के सीकर जिले के नीमका थाना के पांडालिकीधानी का निवासी है। रनहौला थाने में दर्ज मामले में कोर्ट ने उसको 29 सितंबर 2018 को भगोड़ा घोषित कर दिया था।

स्पेशल सेल के डीसीपी अमित कौशिक के मुताबिक रनहौला पुलिस स्टेशन में 8 जुलाई 2018 को आईपीसी की धारा 302/308/34 के तहत अभय सिंह उर्फ दारा सिंह के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था। आरोपित अभय सिंह इस हत्या के मामले में शामिल था और तभी से फरार चल रहा था। पुलिस को इस आरोपित की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी।

इस दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि राजस्थान के सीकर का रहने वाला एक व्यक्ति रनहौला में हत्या का आरोपित अभय सिंह है, जो दिल्ली के धौला कुआं बस स्टैंड के पास मौजूद है।

जिसके बाद उसको सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबोच लिया। पूछताछ के दौरान अभय सिंह ने रनहौला हत्या मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

## सम्पादकीय

# तनख्वाह की गोटियां

सवाल तनख्वाह से शुरू होकर इसी पर खत्म हो रहा है। जिस तनख्वाह में ओपीएस जोडकर कांग्रेस सरकार बनी, उसी की बदौलत मंत्री और सीपीएस को दो महीने का वेतन विलंबित लेना पड़ रहा है, लेकिन तस्वीर यहां मुकम्मल नहीं होती। तनख्वाह तुरंत न लेने का फैसला सांकेतिक तौर पर बता रहा है कि खजाने ने बोझ उठाना मना कर दिया या यह कि अब सरकार अपने चरित्र से अपव्ययता के निशान हटा देगी। कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री के आईटी सलाहकार एवं कैबिनेट रैंक प्राप्त गोकुल बुटेल ने अपनी तनख्वाह की ह्रगोटीह्र छोड़ दी। इस तरह वह सरकारी खजाने के सामने ह्रव्हिसिल ब्लोअरह्र की तरह प्रकाश में आ गए। मसला तनख्वाह छुड़वाने का ही होता तो कई उपाय हो सकते हैं, लेकिन यहां फिजूलखर्चियों के दामन में आग लगी है और झुलसने की ताकीद में लक्षण उभर रहे हैं। एक ओर केंद्र से असहयोग की परिपाटी में तू तू-मैं मैं से घिसटती आर्थिकी और ऊपर से गुरबत में गुलकंद बांटने की प्रथा ने हिमाचल में केंचुली फंसा दी है। तीन दिन पहले देश के प्रधानमंत्री स्मार्ट सिटी के बाद 12 औद्योगिक स्मार्ट शहर बनाने के लिए 28602 करोड़ का ऐलान करते हुए हिमाचल को धत्ता बताते हैं। हमारे पड़ोस और पर्वतीय प्रदेश उत्तराखंड तथा पंजाब को इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी मिल रहे हैं, लेकिन केंद्र में चारों सांसद भेजने वाले हिमाचल को ऐसी बहार नहीं मिली। कहना न होगा कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने औद्योगिक पैकेज देकर हिमाचल को औद्योगिक क्षेत्र में चलना सिखाया था, लेकिन मोदी सरकार अब घुटनों पर ला रही है। आश्चर्य यह कि कांग्रेस से एक सांसद छीन कर भाजपा ले गई और चुनावी पलकों से भी कांग्रेस की हिम्मत छीन ली, फिर भी कसूरवार हिमाचल को बनाया जा रहा है।

पर्वतीय अस्मिता के भूगोल में फंसा अर्थशास्त्र अपनी जान कैसे बचाएगा। ऐसे में अनुराग ठाकुर से पूछें या जगत प्रकाश नड्डा के प्रकाश में चंद किरणें वसूलें, लेकिन हकीकत यह है कि हिमाचल की केंद्र में वकालत रुक गई है या शिमला में सरकार की मशीनरी हिल गई है। बहरहाल सियासत के दोनों पाट दोषी हैं या सारा डिस्कोर्स ही बदले ले रहा है। विधानसभा की कार्यवाहियों में होते संग्राम और शिमला से दरकिनार होती प्रदेश की आवाज को आखिर सुनेगा कौन। इसीलिए आज तक न शासन, न प्रशासन, और न ही आर्थिक व्यवस्था के आदर्श बने। हमें मंडी में मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिए कार्यालय चाहिए, तो नए विकास की कहानी पर चप्पा चप्पा चल रहे देहरा को सत्ता की निशानी चाहिए। सूखे होंगे बरगद के पेड़ जहां खजाना रखा था, हमने तो बाढ़ में डूबकर प्यास बुझानी सीख ली। हिमाचल में सियासी प्यास और सत्ता के पियाऊ जहां तहां दिखाई देते हैं, वहां हर सरकार के जुर्म में आर्थिक हंडियों ने इज्जत गंवाई है। एक कमजोर-आर्थिक संसाधनविहीन राज्य की मिलकीयत में आर्थिक खुशहाली छीनते वर्गों के बीच असहाय निजी क्षेत्र, वहां उपलब्ध नौकरियां और बेरोजगार होते युवाओं के लिए क्या मंत्री व सीपीएस की घोषणाएं कभी बोलती हैं या कुछ सोचकर तौलती हैं। हम अंधेरे में सोने की खान ढूंढ रहे हैं। हमें ताज पहनने की आदत है, इसलिए कुछ अंधे-बहरे स्कूल-कालेज, संवेदनहीन चिकित्सालय और घाटे के बजट को झूठा ठहराने के लिए नए-नए कार्यालय खोल दिए जाएंगे। मानसून सत्र में दोनों पक्ष शपथ लेकर आर्थिक संवाद कर लें, ताकि पता चले कि जहां मुर्गियां हलाल हुईं, वहां खून क्यों इनसान का बहा।

# अरबपति दानवीर भी बन जाएं तो कुछ बात बन

आर.के. सिन्हा

अभी कुछ दिन पहले एक खबर मीडिया की सुर्खियों में थी कि भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई अब एशिया की 'अरबपतियों की राजधानी' बन गई है। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 के अनुसार, मुंबई में चीन के राजधानी शहर बीजिंग से भी ज्यादा अरबपति व्यक्ति रहने लगे हैं। भारत में मुंबई के बाद सबसे ज्यादा अरबपति अब दो और महानगरों नई दिल्ली और हैदराबाद में रहते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि देश में अरबपतियों की तादाद देश में विकास की रफ़्तार के साथ बढ़ती ही रहेगी। अरबपति छोटे शहरों और कस्बों में भी बने। पर भारत को फिलहाल सैकड़ों-हजारों दानवीर भी चाहिए।

भारत, अपने युवा और विविध जनसंख्या के बावजूद , दुनिया की सबसे तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। हालांकि, फि लहाल इसकी समृद्धि असमान रूप से वितरित है। लाखों लोग गरीबी, भुखमरी, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक की पहुँच से वंचित हैं। इस असमानता को कम करने और भारत को एक समृद्ध और न्यायपूर्ण राष्ट्र बनाने के लिए अधिक से अधिक दानवीरों की आवश्यकता है। हमें इस तरह के दानवीर चाहिए जो हर साल बड़ी राशि स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में खर्च करें। यह संतोष का विषय है कि बिल गेट्स ने अपनी समृद्धि का उपयोग मानवता की सेवा में किया है। उनके द्वारा स्थापित बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने वैश्विक स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में बड़ी चुनौतियाँ हैं, जिसमें गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच सीमित है। बेशक, दानवीर स्वास्थ्य सेवा में निवेश करके, नई तकनीकों और दवाओं को विकसित करने में मदद कर सकते हैं। वे गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा की पहुँच को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों और क्लिनिकों का निर्माण कर सकते हैं।

भारत में शिक्षा प्रणाली में भी सुधार की बड़ी आवश्यकता है। इस क्षेत्र में बहुत सारे दानवीरों को निवेश करना चाहिए। वे शिक्षा के क्षेत्र में निवेश करके, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। समृद्ध दानवीर शिक्षकों के प्रशिक्षण, स्कूलों का आधुनिकीकरण और नए शिक्षण उपकरणों का विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश कर सकते हैं। यह कोई नहीं कह रहा है कि हमारे यहां दानवीर शिक्षा या हेल्थ सेक्टर में निवेश नहीं करते। पर इन दोनों क्षेत्रों में शत प्रतिशत सरकार के भरोसे भी तो नहीं रहा जा सकता। सरकार की भी अपनी सीमाएं हैं। इसके साथ ही भारत में गरीबी और असमानता को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर चहुँमुखी सामाजिक विकास की आवश्यकता है। दानवीर गरीबों को रोजगार के अवसर प्रदान करने और उनकी आय बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। वे ग्रामीण विकास, कृषि, स्वरोजगार और महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में निवेश कर सकते हैं।

भारत जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहा है। इस स्थिति का सामना करने के लिए हमारे दानवीर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को विकसित करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए नवाचारों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जल संरक्षण और ज्यादा पानी अवशोषित करने वाले गेहूँ, धान और गन्ना के उत्पादन छोड़ कर या कम करके परंपरागत मोटे और छोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने का अभियान चला सकते हैं। एक किलो धान के उत्पादन में जहाँ 8000 लीटर , एक किलो गेहूँ उत्पादन में 10,000 लीटर पानी और एक किलो चीनी के उत्पादन में 28,000 लीटर पानी का व्यय होता है, वहीं एक किलो छोटे अनाज कोदो, कँगनी, कुटकी , साँवा और हरा सावाँ के उत्पादन में मात्र 100 से लेकर 300 तक ही पानी की आवश्यकता पड़ती है। इसी प्रकार, हर तरह के दूरगामी और टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए भी दानवीर अरबपति पर्यावरणीय संगठनों को समर्थन दे सकते हैं।

मैं अपना खुद का उदाहरण देना चाहूँगा। मैं 1966 से लेकर 1975 में स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गाँधी द्वारा लगायी गई इमरजेंसी के पूर्व तक उस समय भारतवर्ष के दो बड़े मीडिया संस्थानों में से एक में विशेष संवाददाता था। तनख़्वाह थी मात्र 230 रुपए प्रतिमाह। संपादकीय पृष्ठ पर एक लेख लिखने पर प्रति लेख 10 रुपए अलग से मिल जाते थे। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रेरणा और आशीर्वाद से भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास के लिये एक छोटा-सा सेवामूलक कार्य शुरू किया और तीन लाख भूतपूर्व सैनिकों और बेरोजगार युवक-युवतियाँ को रोजगार दिया। आज उन संस्थाओं का वार्षिक कारोबार लगभग 13,000 करोड़ का है। संतोषप्रद लाभ भी है। लेकिन, मैं अपने लाभाँश का लगभग 95%अपने पूज्य माता और पिताजी की स्मृति में स्थापित ह्लअवसर ट्रस्टह्ल के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की शिक्षा, चिकित्सा, बिना दहेज विवाह, किसी भी तरह की समाज सेवा करने वाली संस्थाओं की सहायता में खर्च करता हूँ। इससे जो आत्मीय संतुष्टि मिलती है, उसका वर्णन करना संभव नहीं है। धन की गति या तो व्यभिचार के लिये होगी या सद्कार्यों के लिये! अरबपतियों को एक ही रास्ता चुनना होगा। नोटों की गड्डी पर न तो आज तक कोई जला है, न जलेगा। तब बुद्धिमत्तापूर्वक सबको यह सोचना चाहिये कि संचित धन का सदुपयोग करना है या दुरुपयोग ?

नए-नए करोड़पतियों और अरबपतियों को अनुसंधान और विकास में भी निवेश करना चाहिए। ये दानवीर वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और नए क्षेत्रों में निवेश करके, भारत को वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्र में नेता बनने में मदद कर सकते हैं। वे नए उद्यमों को शुरू करने और भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए निवेश कर सकते हैं। इंफोसिस टेक्नोलॉजीज के को-फाउंडर नंदन नीलेकणि शिक्षा के क्षेत्र में बहुत दान देते हैं। उन्होंने कुछ समय पहले इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) बॉम्बे को 315 करोड़ रुपए दान किये। इससे पहले भी, उन्होंने आईआईटी बॉम्बे को 85 करोड़ रुपए दान किया था। यानी अब तक वो आईआईटी बॉम्बे को करीब 400 करोड़ रुपये का दान कर चुके हैं।

दरअसल देश के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्लायों के सफल छात्रों को अपने शिक्षण संस्थानों की आर्थिक मदद करनी चाहिए। इन संस्थानों को सरकार की मदद के सहारे पर नहीं छोड़ा जा सकता है। अमेरिका में पूर्व छात्र अपने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की भरपूर मदद करते हैं। पूर्व छात्रों की मदद से ही उनके शिक्षण संस्थानों में रिसर्च और दूसरी सुविधाएं बढ़ाई जा सकती हैं।

नीलकेणी की सबसे बड़ी कामयाबी आधारकार्ड है। देश के हर नागरिक को एक विशिष्ठ पहचान संख्या या यूनिक आइडेंटिफिकेशन नम्बर को उपलब्ध करवाने का विचार उन्होंने ही सफलतापूर्वक चलाया था। इसमें दो राय नहीं कि भारत में नंदन नीलकेणी जैसे दानवीरों की संख्या को बढ़ाना होगा। अजीम प्रेमजी और शिव नाडर जैसे अरबपति दानवीर भी देश के युवाओं को सामाजिक उद्यमिता, सामुदायिक विकास और सामाजिक बदलाव के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे भारत के संसाधनों का प्रभावी उपयोग करके, गरीबी को दूर करने और मानवता की सेवा करने के लिए सहायता भी कर सकते हैं।

कभी-कभी मन उदास हो जाता है कि भारत में दानवीरों की काफी कमी हैं। देखिए भारत में अब भी धनी लोग समाज के लिए धन देने से कतराते हैं। उन्हें लगता है कि उनका टैक्स देना ही काफी है। यह सोच बदलनी होगी। फिर भारत में भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिससे लोगों को दान करने के लिए प्रेरित करने में कठिनाई होती है। उन्हें डर लगता है कि उनके दान का गलत उपयोग किया जाएगा। कई मामलों में यह होता भी है। फिर कई लोग दान के बारे में जानकारी नहीं रखते हैं या वे यह नहीं जानते कि वे दान कैसे कर सकते हैं।

इस बीच, यह कहना सही नहीं है कि यूरोप और अमेरिका में भारत से ज्यादा दानवीर हैं। दानवीरता किसी भी देश या संस्कृति तक सीमित नहीं है। हर जगह अच्छे दिल वाले लोग होते हैं जो दूसरों की मदद करने को तैयार रहते हैं। हर देश के अपने-अपने दान करने के तरीके हैं और हर व्यक्ति की अपनी जरूरतें और सीमाएँ होती हैं। दानवीरता किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत पसंद और क्षमता पर निर्भर करती है, न कि किसी देश या संस्कृति पर। हमारे यहां बहुत से लोग मशहूर खिलाड़ियों और फिल्मी सितारों से शिकायत करते रहते हैं कि वे चैरिटी नहीं करते। हालांकि सच यह है कि कई सेलिब्रिटी अपने दानों के बारे में सार्वजनिक नहीं होने देना चाहते। उनका मानना हो सकता है कि दान करना निजी मामला है और इसे सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने की जरूरत नहीं है। कुछ सेलिब्रिटी किसी विशिष्ट कारण के प्रति सहानुभूति महसूस नहीं करते हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सभी सेलिब्रिटी एक समान नहीं होते हैं। कुछ बहुत दानवीर होते हैं, जबकि कुछ नहीं भी करते हैं। इसलिए, यह मान लेना गलत होगा कि सभी सेलिब्रिटी दान नहीं करते हैं।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

# पूर्वोत्तर में बढ़ती रेल दुर्घटनाएँ केवल लापरवाही है या आतंकी षड्यंत्र ?

-रमेश शर्मा

भारत के पूर्वोत्तर में होने वाली रेल दुर्घटनाओं में अचानक वृद्धि देखी गई। इन दुर्घटनाओं ने यह प्रश्न भी खड़ा किया कि दुर्घटनाओं की यह वृद्धि केवल मेन्टेनेन्स का अभाव है या कोई आतंकवादी षड्यंत्र। जून, जुलाई और अगस्त के तीन माह में बंगाल, झारखंड, उड़ीसा और असम रेलवे परिक्षेत्र में छह बड़ी रेल दुर्घटनाएँ हुई। और दो होते-होते बचीं। इनमें चार दुर्घटनाओं में रेलगाड़ियाँ पटरी से उतरीं और दो रेलगाड़ियाँ गलत पटरी पर चलीं गईं और दूसरी रेलगाड़ी से टकरा गईं। जो दो रेलगाड़ियाँ दुर्घटना से बच गई, इन दोनों की रेल पटरी पर लकड़ी रखी पाई गई थी। यदि चालक गाड़ी नहीं रोकता तो दुर्घटना अवश्य होती। दोनों में लकड़ी रखे होने का तरीका एक-सा था। यही बात चौंकाने वाली थी। क्या एक ही तरह से दो पटरियों पर लकड़ी का मिलना सामान्य संयोग ही था या किसी षड्यंत्र का हिस्सा? एक ही तरीके से दो रेल पटरियों पर लकड़ी मिलने की घटना से ही सबका ध्यान दुर्घटनाओं की ओर ध्यान आकर्षित हुआ और जांच एजेन्सियों ने सभी ऐंगल पर सोचना शुरू किया ।

जो छह बड़ी रेल दुर्घटनाएँ हुई, उनमें एक दुर्घटना पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अंतर्गत एक मालगाड़ी और कंचनजंगा एक्सप्रेस के बीच हुई । इस घटना में मालगाड़ी सिंग्नल की त्रुटि से गलत ट्रेक पर चली गई थी और अगरतला से सियालदह, कोलकाता जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। एक दुर्घटना झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के बीच हुई। इसमें मुंबई-हावड़ा मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हुई और 20 लोग घायल हुये। एक रेल दुर्घटना झुलाही रेलवे स्टेशन के समीप हुई। यह रेल डिब्रूगढ़ जा रही थी। इस ट्रेन के 21 डिब्बों में से पांच डब्बे पटरी से उतर गये। पटरी से उतरने वाले पाँचों डिब्बे एसी थे। इस ट्रेन के लोको पायलट ने टक्कर से ठीक पहले जोरदार धमाका सुनने का दावा किया है। केंद्र सरकार ने घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। एक अन्य रेल दुर्घटना पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के खरदाह रेलवे स्टेशन पर 14 जुलाई की रात हुई। इसमें एक यात्री ट्रेन दो डिब्बों से टकरा गई। यह हजारदुआरी एक्सप्रेस रेलवे की लाइन नंबर चार पर खरदाह स्टेशन के पास पहुँच रही थी। तभी पटरियों पर फंस गईं और बड़ी दुर्घटना होते होते बच गई।

एक अन्य रेल दुर्घटना असम के अमीनगांव में हुई। झारसुगुड़ा (ओडिशा) जाने वाली गाड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। इसमें लोको पायलट और एक्सप्रेस ट्रेन के ट्रेन मैनेजर सहित कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गए। यह दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी सबडिवीजन का मामला है। रेल के पटरी से उतरने की एक दुर्घटना ओडिशा प्राँत के भुवनेश्वर में हुई। ट्रेन के पटरी से उतरने के बाद किसी प्रकार कोई जनहानि या संपत्ति की क्षति नहीं हुई। केवल दो रेलगाड़ियां रद्द कीं गईं और छह रेलगाड़ियों के समय में परिवर्तन किया गया । और कुछ गाड़ियों को रोका गया ।

एक रेल दुर्घटना उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में मोतीगंज और झुलाही रेलवे स्टेशनों के बीच हुई । इसमें रेलगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतर गए, जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हुई और 30 लोग घायल हुये। एक दुर्घटना फतेहगढ़ साहिब के सरहिंद रेलवे स्टेशन पर हुई इसमें एक खड़ी मालगाड़ी को पीछे से एक अन्य ट्रेन ने टक्कर मार दी, जिससे दो लोको पायलट घायल हो गए। इस टक्कर का कारण इंजन का दूसरी पटरी पर चला जाना था जो सिग्नल की त्रुटि से हुआ। सभी दुर्घटनाओं में दो ही कारण रहे। एक रेलगाड़ियों का पटरी से उतरना और दूसरा सिंग्नल की त्रुटि से इंजन का दूसरी पटरी पर चले जाना। गाड़ियों का पटरी से उतरने की घटनाओं में अचानक हुई वृद्धि आश्चर्यजनक है उसी प्रकार सिग्नल त्रुटि भी।

पहली तीन रेल दुर्घटनाओं को लापरवाही ही माना गया था लेकिन एक लोको पायलट द्वारा धमाके की आवाज सुनने का दावा करना और दो रेल पटरियों पर एक ही तरीके से लकड़ी के मिलने से इन बढ़ती रेल दुर्घटनाओं ने गंभीरता को बढ़ा दिया है। इसके साथ पर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक किशोरवय लड़का रेल पटरी की फिश प्लेट ढीली करता हुआ दिखाई दे रहा है। जाँच एजेन्सियाँ इस वीडियो की सच्चाई पता लगा रहीं हैं।

इन बढ़ती रेल दुर्घटनाओं में आतंकवादी ऐंगल होने का संदेह निराधार भी नहीं हैं। इस पूरे क्षेत्र में बांग्लादेशी नागरिकों की घुसपैठ बढ़ रही है। जिसे असम, बंगाल, झारखंड आदि प्रांतों आबादी के बढ़ते स्वरूप से समझा जा सकता है। भारत की सीमा से लगे बांग्लादेश के गाँव में बांग्लादेश की कट्टरपंथी संस्था जमात-ए-इस्लामी का प्रभाव क्षेत्र है। पिछले दिनों बांग्लादेश के सत्ता परिवर्तन के लिये हुये छात्र आँदोलन के पीछे इसी संस्था की योजना मानी गई है। बांग्लादेश में उग्र हुये छात्र आँदोलन के साथ ही भारत में रेल दुर्घटनाओं को बढ़ने के पीछे भारत में इसी संस्था के स्लीपर सेल की सक्रियता मानी जा रही है। ये स्लीपर सेल लंबे समय से पूरे पूर्वोत्तर में सक्रिय होकर अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर रहे हैं। इसकी झलक हाल ही असम के मुख्यमंत्री हेमन्त बिस्वा के बयानों से मिली।

यदि इन दुर्घटनाओं के पीछे बांग्लादेश के इन स्लीपर सेल का हाथ न हो तब भी बांग्लादेश की घटनाओं से वहाँ के कट्टरपंथियों की बढ़ती गतिविधियाँ और नई सरकार के निर्णयों से भारत सरकार और समाज को अतिरिक्त सावधान रहने की आवश्यकता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने मध्य वायु कमान का पदभार संभाला

प्रयागराज, 01 सितम्बर (हि.स.)। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित अति विशिष्ट सेवा मेडल, वायु सेना मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल ने आज रविवार को मध्य वायु कमान के वायु अफसर कमांडिंग-इन-चीफ का पदभार ग्रहण किया।

मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी



शान्तनु प्रताप सिंह ने बताया कि एयर मार्शल ने 06 दिसम्बर 1986 को भारतीय वायु सेना की लड़ाकू शाखा में कमीशन प्राप्त किया। वायु अफसर एक प्रायोगिक परीक्षण पायलट तथा अर्हता प्राप्त उड़ान अनुदेशक हैं। जिन्हें भारतीय वायु सेना के बेड़े में शामिल विविध प्रकार के वायुयानों को 3300 घंटों से भी अधिक समय तक उड़ाने का अनुभव प्राप्त है। ये प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (बांग्लादेश) तथा राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पुरा छात्र रह चुके हैं। इन्होंने ऑपरेशन सफेद सागर तथा ऑपरेशन रक्षक जैसे कई ऑपरेशनों एवं अभ्यासों में सक्रिय भूमिका निभायी है।

अपने 37 वर्ष लम्बे शानदार कैरियर के दौरान, एयर मार्शल विभिन्न फील्ड एवं स्टाफ पदों पर रह चुके हैं। कमांडिंग अफसर के रूप में इन्होंने उन्नत दर्जे के मिराज वायुयानों के साथ भारतीय वायु सेना की एक स्क्वाड्रन को पुनर्सज्जित किया और आगे चलकर इन्होंने पश्चिमी क्षेत्र में स्थित फ्रंट लाइन फाइटर एयर बेस एवं दक्षिणी क्षेत्र में स्थित प्रीमियर फाइटर ट्रेनिंग बेस की कमान संभाली।

इन्होंने वायु सेना टेस्ट पायलट स्कूल में निदेशक स्टाफ के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की। साथ ही ये वायु सेना मुख्यालय में प्रधान निदेशक वायु स्टाफ रिक्वायरमेंट के पद पर भी रह चुके हैं। वायु अफसर दक्षिणी वायु कमान के वायु रक्षा कमांडर भी रह चुके हैं तथा इन्होंने वायु सेना मुख्यालय में सहायक वायु सेनाध्यक्ष (परियोजना) एवं सहायक वायु सेनाध्यक्ष (योजना) के पद को भी संभाला है।

उन्होंने बताया कि मध्य वायु कमान के वायु अफसर कमांडिंग-इन-चीफ का पदभार ग्रहण करने से पूर्व ये उप वायु सेनाध्यक्ष के पद पर नियुक्त थे। अपने पिछले कार्यकाल में इन्होंने भावी प्रोद्योगिकी को अपनाते हुए विभिन्न अग्रणी परियोजनाओं का नेतृत्व किया और यह भी सुनिश्चित किया कि भारतीय वायु सेना ह्यआत्मनिर्भरताह्न को आत्मसात करते हुए आधुनिकीकरण के मार्ग पर प्रशस्त रहे। सभी परिस्थितियों में मध्य वायु कमान की ऑपरेशनल तत्परता वायु अफसर कमांडिंग-इन-चीफ का सर्वोच्च एजेंडा रहेगा, ताकि भारतीय वायु सेना अपने लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर सके।

## आज का राशिफल

मेष : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

वृष : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-6-9

मिथुन : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-5-6-7

कर्क : सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

सिंह : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग। शुभांक-3-5-7

कन्या : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढऩे के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा शुभांक-2-5-7

तुला : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-4-6

वृश्चिक : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

धनु : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-6-8

मकर : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

कुंभ : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

मीन : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-2-4-6

# संगमनगरी के गंगा-यमुना घाटों का कायाकल्प कर रही योगी सरकार

प्रयागराज, 01 सितम्बर (हि.स.)। योगी सरकार बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी की तर्ज पर संगमनगरी के घाटों का पुनरुद्धार करा रही है। इसके तहत गंगा और यमुना के सात घाटों को नव्य स्वरूप दिया जा रहा है। इसका लगभग पचास प्रतिशत काम पूरा हो गया है। इन घाटों के सौंदर्यीकरण का काम महाकुम्भ से पहले पूरा कर लिया जाएगा। वहीं घाटों पर पर्यटकों की सहूलियत की अन्य व्यवस्था पर भी फोकस किया जा रहा है, ताकि वह यहां पर अपना समय व्यतीत कर सकें।

–11 करोड़ से अधिक की लागत से हो रहा घाटों का पुनरुद्धार महाकुम्भ आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र गंगा और यमुना के घाट होते हैं। वह इन घाटों पर गंगा और यमुना की पावन धारा में डुबकी लगाते हैं। ऐसे में योगी सरकार इन घाटों का कायाकल्प कर रही है। जल निगम के कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन डिवीजन की तरफ से गंगा और यमुना नदी के इन सात घाटों को नव्य स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर रोहित कुमार राणा ने बताया कि 11.01 करोड़ की लागत से घाटों का कायाकल्प किया जा रहा है। अब तक प्रोजेक्ट का लगभग पचास फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि बाढ़ का पानी कम होने के बाद काम में और गति आएगी।

–इन घाटों का हो रहा है कायाकल्प

गंगा और यमुना नदी के जिन 7 घाटों का कायाकल्प किया जा रहा है, उनमें बलुआ घाट, कालीघाट, रसूलाबाद घाट, छतनाग घाट झूंसी, नागेश्वर घाट झूंसी, मौजगिरी घाट और पुराना अरैल घाट शामिल है। इन घाटों में मौजगिरी घाट का 40 फीसदी, नागेश्वर घाट का 35 फीसदी, छतनाग घाट का 30 फीसदी, रसूलाबाद घाट का 35 फीसदी, बलुआघाट का 35 फीसदी, पुराना अरैल घाट का 40 फीसदी और कालीघाट का 50 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। बताया जा रहा है कि नवम्बर के पहले सभी घाटों का सौंदर्यीकरण और सुविधा विस्तार का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। बता दें कि, कुम्भ मेला प्रशासन की प्राथमिकता महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को उच्च दर्जे की सुविधा प्रदान करना है। ऐसे में घाटों का आधुनिकीकरण और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। वहीं इन सुदंर और स्वच्छ बनाने के लिए हरित पट्टी को भी विकसित किया जा रहा है।

इन घाटों पर छतरी, हाईमास्ट, पेयजल आदि की व्यवस्था की जा रही है। वहीं स्वच्छ पानी के लिए आरओ लगाया गया है। जबकि सचल टॉयलेट और चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था की गयी है। इसी तरह बैठने के लिए बेंच की भी व्यवस्था की जा रही है।

## अयोध्या में 283 करोड़ से बनेगा क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय भवन

अयोध्या, 1 सितंबर (हि.स.)। भव्य राम मन्दिर निर्माण के बाद अयोध्या में लगातार पर्यटकों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। ऐसे में पर्यटन विभाग की जिम्मेदारियां भी बढ़ती जा रही हैं। इसे ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने पर्यटन विभाग को अयोध्या में क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय की सौगात दी है।

योगी सरकार 283 करोड़ की लागत से साकेत पेट्रोल पंप स्थित मल्टीनेशनल पार्किंग के पास क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय का निर्माण करेगी। पर्यटन भवन में वेटिंग रूम, रिसेप्शन, अधिकारियों के ठहरने एवं कांफ्रेंस हाल का भी सुविधा होगी।

# निवेश का नया केंद्र बनेगा आगरा, यूपीसीडा जल्द शुरू कर रहा आईएमसी परियोजना

## -मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण कर रहा इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की शुरूआत

लखनऊ, 1 सितंबर (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) जल्द ही आगरा में



इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) की शुरूआत करने जा रहा है। योगी सरकार की यह महत्वाकांक्षी परियोजना अपने उत्कृष्ट स्थान और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ आगरा के औद्योगिक क्षेत्र को नई दिशा प्रदान करेगी।

आईएमसी आगरा, चमड़े, जूते और कृषि आधारित उत्पादों जैसे क्षेत्रों में आगरा की समृद्ध धरोहर का लाभ उठाते हुए, गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को बढ़ावा देकर, आगरा को एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करेगी। यह क्लस्टर आर्थिक विकास को गति देगा, मजबूत उद्योगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगा और क्षेत्र के कुशल कार्यबल और स्थानीय विशेषज्ञता को प्रोत्साहित करेगा।

दिल्ली और लखनऊ से बेहतर कनेक्टिविटी

यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी के अनुसार आगरा की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता, खासकर ताज ट्रैपेज़ियम जोन के तहत, इसे पर्यावरण-अनुकूल औद्योगिक संचालन के लिए एक आदर्श स्थान बनाती है। आईएमसी आगरा इन पर्यावरणीय लक्ष्यों के साथ पूरी तरह मेल खाता है, जो टिकाऊ औद्योगिक तकनीकों के लिए प्रदूषण मुक्त और अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। इस परियोजना का स्थान इसे निवेशकों के लिए और भी आकर्षक बनाता है। इनर रिंग रोड के किनारे स्थित यह क्लस्टर दो प्रमुख क्लोवरलीफ जंक्शनों एनएच-19, जो दिल्ली एनसीआर से जोड़ता है, और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से समान दूरी पर स्थित है। इस बेहतरीन स्थान की वजह से सड़क कनेक्टिविटी बेहद अच्छी है, जिससे साइट को दो हिस्सों में विभाजित किया जा सकता है। आईएमसी को उत्तर प्रदेश के विस्तृत एक्सप्रेसवे नेटवर्क से भी फायदा मिलेगा, जिससे लॉजिस्टिक्स में सुधार होगा और यात्रा का समय कम होगा।

माल ढुलाई में भी आसानी

उन्होंने कहा कि एनएच-19 और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की नजदीकी सड़क परिवहन को आसान बनाती है। न्यू टूंडला स्टेशन से 22 किमी दूर स्थित, आईएमसी आगरा ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईडीएफसी) से जुड़ने के लिए एकदम सही स्थान पर है।यह स्थान कुशल रेल माल ढुलाई और सड़क पर भीड़भाड़ कम करने में पूरा सहयोग करेगा। यह वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी) के साथ बेहतर कनेक्टिविटी भी प्रदान करती है। इसके अलावा, प्रस्तावित जेवर हवाई अड्डा, जो यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से 140 किमी दूर है, हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा, उच्च मूल्य वाले कार्गो के परिवहन का समर्थन करेगा और व्यापारिक यात्रियों के लिए आसानी से पहुंच उपलब्ध कराएगा।

1000 एकड़ में फैली है परियोजना

आईएमसी आगरा, प्रस्तावित राष्ट्रीय जलमार्ग-110 (एनडब्ल्यू-110) के पास स्थित है, जहां से समोगर मुस्तकिल में कार्गो टर्मिनल केवल 1 किमी की दूरी पर है। यह जलमार्ग माल परिवहन के लिए एक प्रभावी विकल्प प्रदान करेगा और रेल नेटवर्क से जुड़कर लॉजिस्टिक क्षमताओं को और मजबूत करेगा। यह परियोजना आगरा के बाहरी इलाके में लगभग 1,000 एकड़ में फैली हुई है, जिसे बड़े पैमाने पर औद्योगिक विकास के उद्देश्य से अधिग्रहित किया गया है। इस परियोजना का व्यापक इंफ्रास्ट्रक्बर और महत्वपूर्ण स्थान आगरा को एक आकर्षक निवेश गंतव्य बनाता है।

आधुनिक औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रतीक बनेगा क्लस्टर

उन्होंने कहा कि आईएमसी आगरा सिर्फ एक क्लस्टर नहीं है, बल्कि आधुनिक औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रतीक है। इसमें एकीकृत उपयोगिता प्रबंधन के लिए सिटीजन मोबाइल एप्लिकेशन, डिजिटल साइनेज, सोलर पैनल और वाई-फाई स्पॉट के साथ स्मार्ट बस स्टॉप शामिल हैं।

साथ ही, इसमें फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क, यूपीएस और डीजल जनरेटर बैकअप के साथ एक मजबूत आईसीटी और स्काडा प्रणाली भी मौजूद है।साथ ही, पर्यावरण नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए, आईएमसी आगरा में परिवेशी वायु गुणवत्ता मॉनिटर के साथ एक एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) स्थापित किया गया है। आने वाले वर्षों में ये दो परियोजनाएं उत्तर प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को बदल देगी।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण

वाराणसी,01 सितम्बर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को डॉ संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय का निरीक्षण



किया। मुख्यमंत्री ने परिसर में हो रहे विकास कार्य सहित अन्य गतिविधियों को भी बारीकी से देखा। विश्वविद्यालय के पठन-पाठन सहित अन्य गतिविधियों को कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने मुख्यमंत्री को विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों सहित लाइब्रेरी एवं छात्रावासों को भी देखा। लाइब्रेरी में पुरातन काल की संग्रहित पौराणिक पांडुलिपियों का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।

एक दिवसीय दौरे पर शहर में आए मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय परिसर में देख विद्यार्थी भी खुश दिखे। मुख्यमंत्री को बताया गया कि भारतीय ज्ञान परम्परा के अति प्राचीन केंद्र सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक मुख्य भवन में वैदिक वांग्मय के क्रमिक विकास पर 3-डी म्यूजियम का निर्माण किया जाएगा। जिसमें 16 संस्कारों, 64 कलाओं, 18 विद्या स्थान को विस्तृत रूप दिया जाएगा ।

इस दौरान राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, चौकाघाट को पुनः इस संस्था के संकाय के रूप में परिवर्तित करने के प्रस्ताव को स्वीकार किया।

मुख्यमंत्री ने कुलपति के प्रस्ताव पर परिसर स्थित 234 वर्षीय मुख्य भवन के अंदर का अवलोकन कर भारतीय नक्षत्र विद्या, भारतीय खगोल विद्या, भारतीय ऋषियों द्वारा किए गए कार्यो के ऊपर म्यूजियम बनाये जाने तथा शास्त्रार्थ को इसी भवन में कराये जाने का भी निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक सरस्वती भवन में संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों में "रास पंचाध्यायी", भागवतगीता एवं दुर्गासप्तशती (विशेष कपड़े में लिखी गई) जो कि स्वर्ण अक्षरों एवं स्वर्ण कलाओं से युक्त है, देखकर भाव विभोर हुए। उन्होंने भारतीय संस्कृति के धरोहर को संरक्षित करने के अभियान को निरन्तर जारी रखने तथा विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे इस प्रयास की सराहना भी किया।

मुख्यमंत्री ने विस्तार भवन में भारत सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के द्वारा पांडुलिपियों के संरक्षण के कार्यो का भी अवलोकन किया। छात्रावासों का भी निरीक्षण करते हुए क्रमशः शोध छात्रावास एवं गंगानाथ झां छात्रावास जाकर देखा, भौतिक रूप से गंगानाथ झां छात्रावास का सूक्ष्मता से निरीक्षण किए ।

वहां पर साइकिल स्टैंड एवं गाड़ी स्टैंड बनाये जाने का निर्देश देते हुये स्वच्छता, जर्जर तारों को बदलने सहित अन्य जरूरी कार्यो को कराए जाने के लिए निर्देशित किया। कुलपति ने मुख्यमंत्री को परिसर के सभी विभागों के साईन बोर्ड को संस्कृत भाषा में करने सहित सीवर, ड्रेनेज एवं जर्जर सड़कों को व्यवस्थित कराये जाने के बाबत भी जानकारी दी। इसके पहले मुख्यमंत्री के आगमन पर विश्वविद्यालय के वैदिक विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चार और स्वस्ति वाचन किया।

कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा, कुलसचिव राकेश कुमार ने परिसर के मुख्य भवन के समक्ष मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर अभिनंदन किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु', पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, अपर पुलिस कमिश्नर एस चिनप्पा सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री काशी विश्वनाथ दरबार में लगाई हाजिरी

वाराणसी,01 सितम्बर(हि.स.)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार दोपहर में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में हाजिरी लगाई। एक दिवसीय दौरे पर शहर में आए मुख्यमंत्री ने मंदिर के गर्भगृह में विधि विधान से दर्शन पूजन के बाद बाबा का अभिषेक किया। इसके बाद उन्होंने देश-प्रदेश में सुख शांति की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालु मुख्यमंत्री को देखकर हर-हर महादेव का उद्घोष करते रहे। मुख्यमंत्री ने भी शिवभक्तों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। मंदिर में दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव के मंदिर में भी कड़ी सुरक्षा के बीच हाजिरी लगाई।

मंदिर में विधि विधान से दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री बड़ालालपुर स्थित टीएफसी में आयोजित भाजयुमो के कार्यशाला में भाग लेने के लिए रवाना हो गए।

# न्यायालय ने 20 वर्ष की कठोर कारावास एवं 20 हजार के दण्ड से दण्डित किया

कानपुर,01 सितम्बर (हि.स.)। जूही थाना की प्रभावी पैरवी की वजह से 08 वर्ष की मासूम बच्ची से दुष्कर्म करने वाले के आरोपित को न्यायालय ने 20 वर्ष की कठोर कारावास एवं 20 हजार के दण्ड से दण्डित किया।

यह जानकारी रविवार को पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवीन्द्र कुमार ने देते हुए बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत जूही थाने में वर्ष 2022 में धारा 376 एबी भारतीय दण्ड विधान एवं 5एम/6 पाक्सो एक्ट के तहत जूही निवासी रमेश पुत्र भारत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

इस मामले में जूही थाने के पैरोकार मेराज अहमद, कोर्ट मुहर्रिर विनोद कुमार और विवेचक विधि चंद यादव एवं अपर जिला शासकीय अधिवक्ता भावना गुप्ता मुकदमे की लगातार पैरवी कर रहे थे।

पुलिस टीम की अच्छी पैरवी की वजह से न्यायालय एडीजे 22 विशेष पाक्सो एक्ट ने आरोपित के खिलाफ दोष सिद्ध होने के बाद शनिवार देर शाम न्यायालय ने 20 वर्ष की कठोर कारावास एवं 20 हजार के आर्थिक दण्ड से दण्डित किया। दोषी ने वर्ष 2022 में 8 वर्षीय बच्चे के साथ बिजली कटौती की वजह से अंधेरे का फायदा उठाकर बच्ची को लेकर चला जाता है और मुंह दबाकर दुष्कर्म करने के बाद फरार हो गया था।

# गंगा में डूबे डिप्टी डायरेक्टर स्वास्थ्य विभाग आदित्य वर्धन की तलाश जारी

कानपुर,01 सितम्बर (हि.स.)। नानामऊ गंगा घाट पर स्नान करते समय शनिवार को गंगा में डूबे स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी डायरेक्टर आदित्य वर्धन सिंह की तलाश जारी है। रविवार सुबह से उनकी तलाश में 30 गोताखोरों को लगाया गया है। लेकिन अब तक कोई पता नहीं पाया है।

सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर अजय कुमार त्रिवेदी ने बताया कि 31 अगस्त को बिल्हौर थाना क्षेत्र में स्थित नानामऊ गंगा घाट पर स्नान करने लखनऊ के रहने वाले तीन व्यक्ति आदित्य वर्धन सिंह उर्फ गौरव पुत्र रमेश चंद्र सेक्टर 16 /1435 इंदिरा नगर लखनऊ मूल निवासी खमोली थाना बांगरमऊ उम्र करीब 45 वर्ष व अपने दो मित्रों के साथ आए थे।

गंगा में स्नान करते समय आदित्य वर्धन सिंह उर्फ गौरव डूब गए। उनके मित्रों द्वारा शोर मचाए जाने पर गोताखोर व नाविकों द्वारा तलाश किये पर मिले नहीं। रविवार सुबह उनकी तलाश में एसडीआरएफ उत्तर प्रदेश एवं फ्लड यूनिट की टीम की मदद से तलाश कराया जा रहा है।

# कानपुर में वसूली कांड के आरोपित कमलेश फाइटर की तलाश तेज

कानपुर, 01 सितम्बर (हि.स.)। नजीराबाद थाने में दर्ज अवैध वसूली मामले के आरोपित यूट्यूब चैनल के पत्रकार कमलेश फाइटर की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस की टीमें उसकी तलाश कानपुर नगर समेत आस-पास के जनपदों में दबिश दे रही है। पुलिस ने एनबीडब्ल्यू के खिलाफ न्यायालय में अर्जी है। यह जानकारी रविवार को अपर पुलिस उपायुक्त मध्य महेश कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि कमलेश फाइटर के खिलाफ जिन मामलों में फाइनल रिपोर्ट लगी है, उनमें फिर से समीक्षा शुरू कर दी गई है। इसके पूरा होने के बाद यदि आवश्यकता पड़ती है तो उन मामलों की फिर से जांच कराई जाएगी।

मुकदमा दर्ज होने के बाद से कमलेश फाइटर को शरण देने वालों के खिलाफ भी लगातार कार्रवाई की जा रही है। संजय पाल उर्फ दद्दा कमलेश का गुरु और मददगार है। उसे गिरफ्तार करके जेल भेजा चुका है।

उल्लेखनीय है कि 20 अगस्त को इसके खिलाफ एकता अपार्टमेंट रंजीत नगर निवासी ज्ञान निकेतन स्कूल के प्रबंधक हरप्रीत सिंह की तहरीर पर अवैध वसूली समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

जांच के दौरान उसके खिलाफ संगठित अपराध की धारा भी बढ़ा दी गई है।

# उप्र के उत्तरी पूर्वी क्षेत्र में सितम्बर माह में सामान्य से कम होगी बारिश

कानपुर, 01 सितम्बर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश में अगस्त माह मानसूनी बारिश के लिहाज से बेहतर रहा और धान की फसल को लेकर किसानों में भी निराशा नहीं रही। अब सितम्बर माह के मौसम को लेकर किसान उत्सुक है। मौसम विभाग के मुताबिक इस माह उत्तर प्रदेश के उत्तरी पूर्वी क्षेत्र में सामान्य से कम बारिश होने के आसार हैं और बाकी क्षेत्र में बारिश सामान्य या उससे अधिक होने की संभावना है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने रविवार को बताया कि समुद्री गतिविधियों से आगामी माह के मौसम का डाटा वेधशाला में आ रहा है उसके मुताबिक उत्तरी बिहार और उत्तर-पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामान्य से कम बारिश की उम्मीद है। इसके पीछे कारण यह है कि पहाड़ों पर बनने वाले पश्चिमी विक्षोभ का असर यहां आते आते कमजोर हो जाएगा। उत्तर पूर्वी को छोड़कर पूरे प्रदेश में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है।

इस दौरान मानसून के कम दबाव का क्षेत्र अपनी सामान्य स्थिति में रहने की उम्मीद है। इसके साथ ही बंगाल की खाड़ी में कई कम दबाव वाली सिस्टम विकसित होने की संभावना है, जो राजस्थान तक पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ सकती हैं। ऐसे में अगस्त में सामान्य से अधिक बारिश होने के बाद सितम्बर महीने में भी उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों, जम्मू और कश्मीर, राजस्थान और मध्य प्रदेश के आसपास के इलाकों समेत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। इसमें उत्तर प्रदेश का पश्चिमी क्षेत्र भी शामिल है और मध्य व बुन्देलखण्ड भी प्रभावित होगा। मध्य और बुन्देलखण्ड में क्रमशः पश्चिमी विक्षोभ कमजोर रहेगा जिससे बारिश भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तरह नहीं होगी। हालांकि मौसम की गतिविधियों में बदलाव भी हो सकता है, लेकिन जो अब तक अनुमान है उसके मुताबिक उत्तर प्रदेश में सितम्बर माह में भी बारिश बेहतर देखने को मिल सकती है।

# यूपी के 30 और अस्पतालों को मिला एनक्वास, संख्या हुई 300 पार

लखनऊ, 1 सितंबर (हि.स.)। रामपुर जिला महिला अस्पताल समेत प्रदेश की 30 और स्वास्थ्य इकाइयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) प्रमाण पत्र मिल गया है। इस तरह वर्ष 2025 के अंत तक प्रदेश की 50 फीसदी स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास प्रमाणित कराने के लक्ष्य की ओर स्वास्थ्य विभाग अग्रसर है। बड़ी बात यह है कि रामपुर जिला महिला अस्पताल को एनक्वास, लक्ष्य और मुस्कान तीनों प्रमाण पत्र प्राप्त हुए हैं। इन 30 स्वास्थ्य इकाइयों को मिलाकर प्रदेश में अब तक 307 अस्पतालों को एनक्वास मिल चुका है। इसी बीच राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक ने विभिन्न जिलों की 31 और स्वास्थ्य इकाइयों का जल्द स्टेट एसेसमेंट करने का निर्देश दिया है।

एनएचएम के महाप्रबंधक डॉ. निशांत जायसवाल के अनुसार जिन 30 स्वास्थ्य इकाइयों को हाल में एनक्वास प्रमाण पत्र मिला है, उनमें रामपुर जिला महिला अस्पताल के अलावा शाहजहांपुर की तिलहर, कानपुर देहात की गजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और लखनऊ की अर्बन पीएचसी शामिल है। इसके अलावा फतेहपुर व प्रयागराज के तीन-तीन, गाजियाबाद, बिजनौर व शाहजहांपुर के दो-दो, लखनऊ, गाजीपुर, श्रावस्ती, सहारनपुर, संभल, हमीरपुर, कानपुर देहात, मिजार्पुर, सहारनपुर, गोण्डा, बहराइच, हरदोई, फरुर्खाबाद, कुशीनगर के एक-एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एनक्वास मिला है।

उधर, एनएचएम की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने 24 जनपदों की 31 स्वास्थ्य इकाइयों का स्टेट एसेसमेंट कराने के लिए इन जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को लिखा है। उन्होंने निर्देशित किया है कि सात सितंबर तक इस सभी इकाइयों का एसेसमेंट करा लिया जाए ताकि फिर नेशनल टीम आंकलन करने आ सके। अगर यह सभी इकाइयां स्टेट के बाद नेशनल एसेसमेंट में भी मानक के अनुरूप मिलीं तो इनको भी एनक्वास मिल जाएगा।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मिलने वाली सुविधाएं

ड्ढगर्भावस्था एवं शिशु जन्म देखभाल

ड्ढनवजात एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल

ड्ढबाल स्वास्थ्य एवं किशोरावस्था स्वास्थ्य देखभाल

ड्ढपरिवार नियोजन, गर्भ निरोधक सेवाएं एवं अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल

ड्ढसंचारी रोगों का प्रबंधन

ड्ढगैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग और ओपीडी

# आज सफेदपोश नेता लोग हिंदू को बांट रहे -डॉ. दिनेश शर्मा

लखनऊ, 01 सितंबर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश धनगर समाज के कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि रहे राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि अंग्रेजों के समय से इस राष्ट्र में हिंदू को बांटा गया है। आज सफेदपोश तो नेक रहेंगे। यह बेहद गहरी सोच है। इसके लिए धनगर समाज को बिल्कुल नहीं बंटना है। एक रहना है और हिंदू बन के रहना है।

लखनऊ के दारुलसफा में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने ही कुछ बोला। क्या किसी कांग्रेस के नेता ने बांग्लादेश की हिंदुओं पर कुछ बोला। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के धनगर समाज की जिम्मेदारी है कि पूरा समाज एक रहे, एकजुट रहे और हिंदू बनकर




नेता लोग हिंदू को बांट रहे हैं। जाति के नाम पर हिंदू को बांटा जाता है। जातियों को आपस में लड़ाया जाता है। ऐसे ही नहीं मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि हिंदू बटेगा तो कटेगा। एक रहेंगे दिनेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग चेहरा बदल के आज हिंदू को बांट रहे हैं। बांग्लादेश में जब हिंदू का संकट आया तो वहां की पीड़ा देखकर सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रहे।

किसी भी स्थिति में बंटे न, हर प्रकार से आपको बांटने की कोशिश होगी लेकिन किसी भी स्थिति में आपको राष्ट्र और हिंदू से अलग नहीं होना है।

# हमारी सत्ता तो राष्ट्र कल्याण, लोक कल्याण का साधन है : योगी आदित्यनाथ

वाराणसी, 01 सितम्बर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाया। बड़ालालपुर स्थित टीएफसी में आयोजित कार्यशाला में चाहता था। हर चीज में भेदभाव रही, नौजवान के लिए रोजगार नहीं था। किसान आत्महत्या कर रहे थे। प्रदेश से उद्योग पलायन कर रहे थे। इन परिस्थितियों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर जनता ने पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई। इन विरोधी दलों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नकाब पहनकर गुमराह करने वाले आ गए हैं। कोई जाति या धर्म से देश से बड़ा नहीं है। लेकिन, आप देख रहे हैं कि कैसे-कैसे षड्यंत्र हो रहे हैं। जो लोग सामाजिक न्याय के लिए समर्पित महापुरुषों का अपमान करते थे, वे आज



मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका उत्साह ही एक नई ऊर्जा का कारण है। यह ऊर्जा सकारात्मक ऊर्जा है। इसी के बल पर तो हम इस राज्य को सुशासन दे पा रहे हैं। युवा ऊर्जा जिसके पास हो उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि मूल्य और सिद्धांत विहीन राजनीति फांसी का फंदा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सत्ता तो राष्ट्र कल्याण, लोक कल्याण का साधन है । साध्य नहीं है। कार्य करने के बाद हम कभी नहीं कहते हमने कर दिया। बल्कि हम तो बस निमित्त मात्र हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल का जिक्र कर कहा कि जिनकी उम्र 25 से 30 साल है या इससे कम है उन्हें अहसास तक नहीं होगा कि उनके सामने यह प्रदेश पहचान को मोहताज था। यहां कोई निवेश नहीं करना साढ़े सात वर्षों में एक नया उत्तर प्रदेश बना है।

उन्होंने कहा कि आज बेटी भी सुरक्षित है और व्यापारी भी। हमने हर व्यापारी को दस लाख रुपया का बीमा कवर दिया है, उन्हें भरोसा दिया है कि हम सुरक्षा देंगे आप व्यापार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले दो वर्षों में यूपी पुलिस में एक लाख की भर्ती करेंगे। आज देश और दुनिया का हर बड़ा निवेशक यहां आ रहे हैं। 40 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव आया है। डेढ़ करोड़ नौजवान को सीधे-सीधे नौकरी मिलेगी । पहले नौजवान मुंबई-हैदराबाद और विदेश में जाता था। आज उस नौजवान को प्रदेश में उसके जिले, उसके घर में नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को प्रदेश में आगे बढ़ाया गया।

कार्यशाला में मुख्यमंत्री ने वोट के लिए उनकी आरती उतार रहे हैं। मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस हो या समाजवादी पार्टी, जब भी इन्हें सरकार बनाने का मौका मिला, उन्होंने देश की कीमत पर राजनीति की।

इन दलों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का सामाजिक अपमान किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल का अपमान किया। इन महापुरुषों को भारत रत्न न मिल पाए, इसके लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया।

इसके पहले कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, भाजयुमो के राष्ट्रीय महामंत्री सांसद राजू विष्ट,प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी,प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कार्यशाला का शुभारंभ सांसद राजू विष्ट ने दीप जलाकर किया।

# सदस्यता अभियान में देवरिया जनपद प्रदेश में अग्रणी रहे : संतराज यादव

देवरिया, 1 सितंबर (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए रविवार को औरा चौरी शुरू हो जाएगा । उन्होंने बताया कि इस अभियान के शुरू होने पर हर कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर इसी दिन कम से कम अधिक लोगों को सदस्यता ग्रहण कराएंगे ताकि हर अभियान की तरह सदस्यता अभियान में भी देवरिया जनपद



स्थित पार्टी कार्यालय पर पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई । बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी संतराज यादव ने बताया कि पार्टी ने सभी कार्यकताओं की सदस्यता को शून्य करते हुए पुनः सदस्यता अभियान चलाने जा रहीं हैं । 2 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराएंगे और इसी के साथ सदस्यता ग्रहण का ये अभियान पूरे देश में 25 लोगों को सदस्यता ग्रहण कराएंगे तथा जितना हो सके अधिक से अधिक लोगो को सदस्य बनाएंगे । बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि 4 सितंबर को जिले के प्रथम व्यक्ति जिला पंचायत अध्यक्ष को, सांसद को, तथा सभी विधायक गणों को मेरे द्वारा सदस्यता ग्रहण करानी हैं । इसके साथ ही सभी पार्टी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता अधिक से प्रदेश में अग्रणी रहें । इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, मारकंडे शाही, अंतयार्मी सिंह, सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी प्रेमचंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, अजय शाही, गंगा सिंह कुशवाहा, राजेश मिश्रा, महामंत्री, रविंद्र कौशल, प्रमोद शाही, रमेश सिंह, पवन मिश्रा, विजय गोंड, गोविंद चौरसिया, बिजेंद्र कुशवाहा, गोविंद चौरसिया उपस्थित रहे ।

# हमीरपुर में किसानों की फसलों को कीटों से मिलेगी निजात

## 5 मिनट में कीटों का सफाया करने को खेतों में उड़ाए जाएंगे ड्रोन

हमीरपुर, 1 सितम्बर (हि. स.)। हमीरपुर जिले में हर साल खेतों में लहलहाती फसलों पर कीटों के हमला करने से किसानों को बड़ा झटका लगता है। जिससे किसानों की माली हालत लगातार बिगड़ रही है। योगी सरकार में अब किसानों को फसलों को कीटों से निजात दिलाने की बड़ी तैयारी की गई है। इसके लिए थोड़ी सी कीमत चुकाने पर खेतों में ड्रोन उड़ाकर कीटों का सफाया डिपार्टमेंट करेगा। दो विकास खंडों में सैकड़ों गांवों के किसानों के लिए दो ड्रोन एग्रीजंक्शन को मिल गए है। जिन्हें डिमांड पर खेतों में उड़ाया जाएगा। हाल में ही कृषि डिपार्टमेंट के आला अधिकारियों की बैठक में कमिश्नर ने समीक्षा की। जिसमें इफ्को जिले के कस्ब क्षेत्रों में किसानों को एक ड्रोन देने का बात कही। किसान को विशेष छूट देते हुए ड्रोन की एक लाख कीमत देनी होगी। बताया कि इस ड्रोन की बाजार में छह से सात लाख रुपये कीमत है।

हमीरपुर जिले में सवा दो लाख के करीब किसान खेतीबाड़ी करते है। हर साल खरीफ और रबी की फसलें दैवीय आपदा की मार से चौपट हो जाती है जिससे किसान लगातार आर्थिक रूप से पिछड़ता जा रहा है। फसलों में कभी बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि होने से किसानों को पिछले कई दशकों से बड़ा झटका लगता है वहीं हर साल खेतों में लहलहाती फसलों पर कीटों के हमला करने से किसानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है। खेतीबाड़ी करने वाले किसान फसलों को कीटों से बचाने के लिए महंगी कीमत में कीटनाशक दवाएं खरीदते है बावजूद कीटों से उन्हें हर साल नुकसान उठाना पड़ता है। ज्यादातर कीट फसलों को चट कर जाते है। हर साल फसलों की पैदावार कम होने से किसानों को लागत निकालने के भी लाले पड़ते है। पहली मर्तबा शासन ने फसलों को कीटों से निजात दिलाने के लिए बड़ा फैसला किया है। इफ्को के क्षेत्रीय प्रबंधक एसके विश्वकर्मा ने बताया कि ड्रोन से छिड़काव किसानों की फसलों में बहुत ही कारगर होगा। क्योंकि ड्रोन खेतों में कोने-कोने पर कीटों के सफाए के लिए छिड़काव करने में पूरी तरह से सक्षम है। बताया कि ड्रोन में दस लीटर तक कैमिकल घोल भरा जाता है। इसे रिमोट के जरिए कीटों से प्रभावित खेतों में पहुंचाकर तकनीकी रूप से छिड़काव किया जाता है।

इफ्को ने कीटों के सफाए के लिए कृषि एग्रीजंक्शन को दिए दो ड्रोन

फसलों को कीटों से बचाने और उनके सफाए के लिए इफ्को ने किसानों के लिए दो ड्रोन हमीरपुर जिले के बिंवार और कुरारा कृषि एग्रीजंक्श्न को दिए है। ताकि समय से किसान हर फसल में छिड़काव करा सके। इफ्को के क्षेत्रीय प्रबंधक एसके विश्वकर्मा ने बताया कि ड्रोन से फसलों में कीटों के सफाए के लिए किसान इस तकनीक को अपना सकता है। इसके लिए किसान को सिर्फ तीन सौ रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से कीमत पर पांच मिनट में ही कीटों का सफाया होगा।

कम मूल्य पर ड्रोन से हमीरपुर के दो ब्लाकों में कीटों का होगा सफाया

कम कीमत पर ड्रोन से फसलों पर कीटों के सफाए के लिए ड्रोन से छिड़काव कराने से किसानों को अच्छी उपज मिलेगी साथ ही उसकी आमदनी भी दोगुनी होगी। उपनिदेशक कृषि हरीशंकर भार्गव ने बताया कि यह तकनीक पूरे देश में संचालित की गई है। जिसके अच्छे परिणाम सामने आए है। बताया कि शासन ने अब हमीरपुर में भी इस तकनीक से फसलों पर छिड़काव कराने का फैसला किया है। बताया कि परीक्षण सफल होने पर डिमांड बढ़ी तो और भी ड्रोन इस जिले को मिलेंगे।

# गैंगस्टर एक्ट के छह आरोपितों की 1 करोड़ 14 लाख की संपत्ति कुर्क

जालौन, 01 सितंबर (हि.स.)। सीफूड के नाम पर गल्फ देशों में प्रतिबंधित मांस का संचालन करने वाले 06 आरोपितों की जिला प्रशासन ने एक करोड़ 14 लाख की संपत्ति को कुर्क किया है। डीएम के आदेश के बाद इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस मामले में पुलिस अब तक आठ आरोपितों को जेल भेज चुकी है।

घटना, एट थाना क्षेत्र की है। यहां पुलिस ने 21 दिसंबर 2023 को झांसी-कानपुर हाईवे स्थित टोल प्लाजा के पास एक कंटेनर को रोककर कागजात मांगे, उसमें मांस भरा था। इस पर कंटेनर को थाने में खड़ा करा दिया गया था। पुलिस ने बताया था कि कंटेनर में 21 हजार किलोग्राम मांस लदा था। कंटेनर चालक हिमांचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के वाह गांव निवासी नवीन कुमार ने कागजात दिखाए वो फर्जी निकले।

जिस पर पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर मांस को चेकिंग के लिए आगरा प्रयोगशाला भिजवाया था। जांच में मांस प्रतिबंधित निकला था। तब पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस को पता चला था कि गैंग के सदस्य मोहम्मद लईक और मोहम्मद जुबेर अपने दर्जन भर साथियों के साथ मिलकर गोमांस की सप्लाई बिहार और बंगाल के रास्ते गल्फ देशों में करते हैं।

पुलिस इस मामले में अभी तक आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने आरोपितों पर गैंगस्टर की भी कार्रवाई की थी। गैंगस्टर की कार्रवाई के तहत ही आरोपितों के बैंक खातों में जमा राशि भी जब्त की गई है।

इसमें गुलजार के खाते में एक लाख 38 हजार रुपये, सुल्ताना आतीक के खाते में एक करोड़ छह लाख 09 हजार रुपये, अतीक अहमद के खाते में 60 हजार रुपये और पॉश प्राइवेट लिमिटेड के खाते में 9 हजार रुपये शामिल हैं। कुल मिलाकर, एक करोड़ 14 लाख की संपत्ति को कुर्क किया गया है।

# बलरामपुरः पशु तस्करों से हुई पुलिस की मठभेड़, एक सिपाही घायल

बलरामपुर,01सितम्बर (हि.स.)। जिले में तुलसीपुर थाना क्षेत्र के गुलरिया घाट पर पिकअप वाहन पर बैल लादते समय सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर पशु तस्करों ने हमला बोल दिया । जिसमें एक सिपाही घायल हो गया है। वहीं एक सिपाही का मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने बचाव में हवाई फायरिंग भी की है। पुलिस टीम ने मौके से दो पिकअप वाहन वा वाहन पर लदी आठ गोवंश भी बरामद किया हैं। मौके से सभी हमलावर फरार हो गए हैं, पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर हमलावरों के तलाश में जुटी है।

तुलसीपुर प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह ने बताया कि आज रविवार की भोर मिली सूचना पर पुलिस टीम थाना क्षेत्र के त्रिकोलिया के पास रघ्घूडीह जाने वाले रास्ते , गुलरिहा घाट पर पहुंची , वहां पर पिकअप वाहन में बैलों को लादा जा रहा था। गुलरिया घाट चौराहे पर पशु तस्करों ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया जिसमें कांस्टेबल मनीष के सर पर चोटें आई हैं। सिपाही रणबीर सिंह के मोटरसाइकिल पर पिकअप चढ़ा दिया जिससे मोटर साइकिल छतिग्रस्त हो गई है।

जब तक पुलिस टीम और पहुंचती हमलावर मौके से फरार हो गए। मौके से दो पिकअप वाहन वा आठ गौवंश बरामद किया गया है।

मुकदमा दर्ज कर मामले की अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह, उपनिरीक्षक श्रवण चंद, जमील खां, अरबिंद साहनी, कांस्टेबल रणबीर,आनंद कुमार प्रदीप, धीरेंद्र पटेल,मनीष अखिलेश भारती मौजूद रहे।

# गंगा में नहाते समय किशोर गहरे पानी में डूबा, शव बरामद

वाराणसी, 01 सितम्बर (हि.स.)। असि घाट पर रविवार को गंगा में स्नान करते समय झारखंड निवासी किशोर गहरे पानी में डूब गया। जब तक गोताखोर निकालते उसकी मौत हो गई। गोताखोरों ने मशक्कत के बाद गहरे पानी से किशोर के शव को बरामद कर लिया।

झारखंड निवासी बाबी (17) अपने परिजनों के साथ असि घाट पर स्नान कर रहा था। उसे गहरे पानी में जाता देख वहां मौजूद जल पुलिस के जवानों ने टोका लेकिन बाबी ने उनकी नही सुनी। बताता रहा कि उसे तैरना आता है। इसी दौरान वह फिसल कर गहरे पानी में समा गया। यह देख वहां मौजूद मल्लाहों ने गंगा में छलांग लगा दी। साहसी युवा जब तक उसे पानी से निकालते उसकी सांसे थम चुकी थी। पुलिस ने उसे बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उधर, असि घाट पर चर्चा रही कि किशोर ने पुलिस की बात मान ली होती तो उसकी मौत नहीं होती। मौत ही उसे यहां खींच लाई। असि घाट पर खुली जल व पर्यटक पुलिस चौकी पर यदि प्रभारी नियुक्त होते तो ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी भी सख्ती से लोगों को गहरे पानी में जाने से रोक देते।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी पहुंचे, भाजयुमो की कार्यशाला में होंगे शामिल

वाराणसी,01 सितम्बर(हि.स.)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार दोपहर में वाराणसी पहुंचे। पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर भाजपा के पदाधिकारियों,जन प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अफसरों ने मुख्यमंत्री की अगवानी की। पुलिस लाइन से मुख्यमंत्री बाबा काल भैरव और श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए मंदिर रवाना हो गए। दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री बड़ालालपुर स्थित पं.दीन दयाल उपाध्याय हस्तकला संकुल (टीएफसी ) में आयोजित भाजयुमो के कार्यशाला में भाग लेंगे।

भाजयुमो के 1200 सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी भाग लेंगे। कार्यशाला को संबोधित करने के बाद करीब मुख्यमंत्री 3.15 बजे चंदौली के लिए रवाना होंगे। वहां बाबा कीनाराम के जन्मोत्सव में शामिल होंगे और शाम पांच बजे बाबतपुर एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।

# वाराणसीः अस्सी में जर्जर भवन की दीवार गिरी, बड़ा हादसा टला

वाराणसी, 01 सितम्बर (हि.स.)। भेलूपुर थाना क्षेत्र के अस्सी क्षेत्र में रविवार को द्वारिकाधीश मंदिर ट्रस्ट देवराहा बाबा आश्रम के मकान की जर्जर दीवार गिर गई। संयोग ही रहा हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। क्षेत्रीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि आश्रम बेहद जर्जर भवन में है। अस्सी घाट जाने वाले मार्ग पर होटल बनारस हवेली के पीछे स्थित द्वारकाधीश मंदिर ट्रस्ट का मकान काफी जर्जर हो चुका है। कभी भी गिर सकता है। क्षेत्रीय समाजसेवी रामयश मिश्र ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व उन्होंने नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त को इस मकान का फोटो और वीडियो बनाकर भेजा था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

ट्रस्ट का मकान पूरी तरह से जर्जर हो गया है और कभी भी गिर सकता है।

# दद्री फाल में बहा अधेड़, डेढ़ किमी दूर मिला शव

-परिवार के साथ वाराणसी में पिकनिक मनाने आया था अनिल

मीरजापुर, 1 सितंबर (हि.स.)। संतनगर थाना क्षेत्र के पटेहरा स्थित ददरी फॉल पर परिवार के साथ पिकनिक मनाने आया अधेड़ नहाते समय पानी के तेज बहाव में बह गया। लगभग डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर उसका शव बरामद किया गया।

वाराणसी जनपद के लहरतारा निवासी अनिल रावत (55) शनिवार को परिवार के साथ पिकनिक मनाने ददरी फाल आया था। मृतक के पुत्र आदित्य (25) ने बताया कि बांध के दो फाटक खुले होने के कारण पानी का बहाव तेज था। सभी लोग फाल में किनारे ही नहा रहे थे। नहाते समय उसके पिता अनिल गहरे पानी की तरफ गए और तेज बहाव में बह गए। पिता को डूबते देख सभी लोग लाचार होकर चीखने-चिल्लाने लगे। पानी का बहाव तेज होने के कारण पिता का कहीं पता नहीं चला। वहां मौजूद पुलिस ने फाल के फाटक को बंद करवाया। लगभग पौन घंटे बाद फाल से डेढ़ किमी दूर एक पत्थर के पास शव पड़ा दिखा। उन्हें बाहर निकाल उपचार के लिए पीएचसी पटेहरा ले जाया गया, जहां परिक्षण के दौरान चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष संतनगर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि नहाते समय फाल में बह जाने से अनिल रावत की मौत हो गई। मृतक के पुत्र की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 39 रुपये तक महंगा, नई दरें लागू

नई दिल ली, 01 सितंबर (हि.स.)। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 39 रुपये प्रति सिलेंडर का इजाफा किया है। हालांकि, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें रविवार से लागू हो गई हैं।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राष ट्रीय राजधानी नई दिल ली में 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस की कीमत 39 रुपये बढ़कर अब 1691.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गयी है, जो पहले 1652.50 रुपये में मिल रहा था। वहीं, कोलकाता में इसका दाम बढ़ कर 1802.50 रुपये हो गया है, जो पहले 1764.50 रुपये था। इसी तरह मुंबई में कॉमर्शियल गैस की कीमत बढ़ कर 1605 रुपये से 1644 रुपये हो गयी है। इसके अलावा चेन्नई में ये सिलेंडर 1855 रुपये का मिल रहा है। हालांकि, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 803 रुपये और मुंबई में 802.50 रुपये का मिल रहा है।

# पुलिस से बचने के लिए चहारदीवारी तोड़ते हुए थाने में घुस गया पशुओं से लदा ट्रक

देवरिया, 1 सितंबर (हि.स.)। पुलिस की घेराबंदी देख पशुओं से भरा ट्रक रामपुर कारखाना थाना परिसर में थाने की चहारदीवारी तोड़ते हुए पेड़ से जा टकराया। थाना परिसर में खड़ी तीन बाइक सहित अन्य वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। गार्ड और चौकीदार कूद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। इससे बड़ी अनहोनी होने से बच गई। घटना के बाद थाने में हड़कंप मच गया।

रविवार की सुबह रायबरेली से पशु लदा एक ट्रक बिहार जा रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र के सोनू घाट चौराहे से वह गोरया घाट वाले मार्ग पर मुड़ गया। बरियारपुर पुलिस ने महुआनी चौराहे पर संदिग्ध ट्रक आने की जानकारी मिलते ही नाकेबंदी कर दी। बैरियर के साथ पुलिस टीम को देख कर ट्रक चालक ने वाहन को भीखमपुर रोड की ओर मोड़ दिया। कसया ढाला होते हुए वह कसया की ओर जाने लगा। यह देख बरियारपुर पुलिस ने रामपुर कारखाना थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद को संदिग्ध ट्रक के जाने की जानकारी दी।

इसकी सूचना मिलते ही रामपुर कारखाना थानेदार फोर्स के साथ थाना गेट पर चेकिंग शुरू कर दी। पुलिस को देख चालक चलती ट्रक से कूद गया।

बिना चालक के ट्रक अनियंत्रित होकर थाना गेट के पास खड़ी तीन बाइक सहित अन्य वाहन को क्षतिग्रस्त करते हुए चहारदीवारी तोड़ दिया। चहारदीवारी तोड़ कर ट्रक पेड़ से टकराकर रुक गई। चहारदीवारी के पास पेड़ के नीचे चबूतरे पर बैठे गार्ड और चौकीदार ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई। पुलिसकर्मियों ने चालक को हिरासत में ले कर पूछताछ कर रही है।

# हजारों की संख्या में भक्तों की मौजूदगी में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

बाराबंकी, 1 सितंबर (हि.स.)। रामनगर कस्बे में भगवान श्री कृष्ण की छठी पर श्री राम जानकी पंचायती मंदिर



से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की समेत भगवान श्री कृष्ण के जय घोष के साथ बैंड बाजों व डीजे की आवाज के साथ नाचते गाते युवा शोभा यात्रा में चार चांद लगा रहे थे। पालकी में सजे भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन करने को कस्बे वाले आतुर दिखे। इस शोभायात्रा की शोभा देखते बन रही थी। रविवार को भगवान श्री कृष्ण का डोल सुबह 10 बजे से राम जानकी पंचायती मंदिर से निकलकर कस्बे की सभी गलियों में घुमाया गया। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की व जगह-जगह घूमे मदन गोपाल के जय घोष से पूरा वातावरण भक्ति मय हो रहा था।

गाजे बाजे भजन मंडली व डीजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। वातावरण ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे भगवान स्वयं दर्शन दे रहे हों। भारी लाव लश्कर के साथ कृष्णडोल पूरे कस्बे के प्रत्येक गलियों में घुमाया गया। विगत कई वर्षो से इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग उमड़ रहे हैं। कस्बे के लोग अपनी दुकानें बंद कर इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। यही नहीं जगह-जगह व्यापारियों द्वारा प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया जा रहा था। भगवान श्री कृष्ण की झांकी का पूरे कस्बे में हर घर पर देर रात तक स्वागत हुआ। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई श्रीकृष्ण शोभा यात्रा में सुरक्षा की कमान स्वयं थाना प्रभारी रत्नेश कुमार पांडे भारी पुलिस बल के साथ संभाले हुए थे।

इसी के साथ हसनपुर, पहाड़पुर, अमोली कला, अमोली, कीरतपुर, बरियारपुर, गोंदौरा, मलौली, सुरजूपुर, गणेशपुर, महादेवा सहित सैकड़ों गांवों में भगवान श्री कृष्ण की झांकी निकाली गई।

# सामाजिक सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार को निभानी चाहिएः प्रो0 मनमोहन कृष्ण

अयोध्या,01 सितम्बर (हि. स.)। ह्यभारत में सामाजिक सुरक्षाह्य विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र



एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 29 वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में शनिवार को किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य वक्ता प्रो0 मनमोहन कृष्ण, चेयर प्रोफेसर नीति आयोग व पूर्व वाणिज्य संकायाध्यक्ष व पूर्व विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज रहे।

उन्होंने कहा कि सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा तीनों जिम्मेदारियों को सक्रियता एवं निष्ठा से निभाना चाहिए। तभी भारत सही मायनों में विकसित एवं खुशहाल राष्ट्र के रूप में स्थापित हो पायेगा। उन्होंने एकीकृत पेंशन योजना पर विस्तार से चर्चा की एवं पुरानी पेंशन व नई पेंशन योजना का तुलनात्मक और समालोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस दिशा में सरकार को प्रयास करने की जरूरत है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो0 आशुतोष सिन्हा ने कहा कि भारत जैसे राष्ट्र में जहां श्रम बाजार का एक बहुत बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र में है, वहां पर सामाजिक सुरक्षा की नितान्त आवश्यकता है और यह सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 विनोद श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रो0 मृदुला मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# काव्य संग्रह "काव्य कुंभ" का हिस्सा बनने पर खीरी के साहित्यकार राम मोहन गुप्त हुए सम्मानित

लखीमपुर खीरी, 1 सितंबर (हि.स.)। साझा काव्य संग्रह "काव्य कुंभ" का हिस्सा बनने और साहित्य सृजन में महती भूमिका निर्वहन के लिए राम मोहन गुप्त को प्रकाशक एवं संपादक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

समाजसेवी, साहित्यकार राम मोहन गुप्त को नीलम पब्लिकेशन मुंबई द्वारा प्रकाशित साझा काव्य संग्रह "काव्य कुंभ" में 'संभल गए तो' और सोशल मीडिया' रचनाओं के प्रकाशन, साहित्य साधना पथ पर निर्बाध गति से अग्रसर होने में सहयोग प्रदान करने के लिए प्रशस्ति प्रदान की गई है।

साझा काव्य संग्रह काव्य कुंभ के संपादक डॉ. विजय नारायण पाटिल एवं नीलम पब्लिकेशन परिवार द्वारा प्रशस्ति पत्र, प्रकाशित काव्य संकलन की प्रतियां प्रेषित कर राम मोहन गुप्त को सम्मानित किया गया है।

इससे पहले भी राम मोहन गुप्त 'अमर' इसी पब्लिकेशन के कई साझा काव्य संग्रहों सहित अन्य प्रकाशनों के विभिन्न साझा संग्रहों में भी प्रकाशित एवं प्रशंसित हो चुके हैं। राम मोहन गुप्त को प्राप्त उपरोक्त प्रशस्ति सम्मान पर मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की है।

# न्याय के लिए पेट्रोल लेकर पानी की टंकी पर चढ़ा युवक

## -लिखित आदेश के बाद ही उतरा टंकी से नीचे,वीडियो वायरल

झांसी, 01 सितंबर (हि.स.)। प्रदेश की सबसे बड़ी तहसील मऊरानीपुर में विरासत के मुकदमे में तहसीलदार के आदेश से क्षुब्ध होकर एक युवक



तहसील कंपाउंड में बनी पानी की टंकी पर पेट्रोल लेकर चढ़ गया। जिससे प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। उपजिलाधिकारी समेत पूरा प्रशासनिक अमला युवक से नीचे उतरने की गुहार लगाता रहा। उसके वकील के आश्वासन और लिखित आदेश पर एक घंटे बाद युवक को नीचे उतारा जा सका। जबतक प्रशासन की सांसें फूली रहीं। इस पूरे हाई वोल्टेज ड्रामे का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पीड़ित आनंद तिवारी निवासी ग्राम पचवारा का विरासत का मुकदमा तहसीलदार के यहां चल रहा था। जिसमें 28 अगस्त 2024 को उसके खिलाफ आदेश पारित होने पर वह क्षुब्ध हो गया। बीते रोज एक केन में पेट्रोल लेकर तहसील कार्यालय के पीछे बनी पानी की टंकी पर चढ़ गया और तहसीलदार मुर्दाबाद के नारे लगाने लगा। जिसे देखकर प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। इसकी सूचना तत्काल अग्निशमन विभाग को दी गई। उसके वकील बैजनाथ तिवारी को उपजिलाधिकारी ने बुलाया एवं उसे समझाकर नीचे उतरवाने के लिए कहा। लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं हुआ। वह तहसीलदार द्वारा उसके खिलाफ किए गए आदेश के वापस लेने की मांग करता रहा। जबतक उसने आदेश वापस लिखित में नहीं देख लिया तब तक वह नीचे नहीं उतरा।

इस संबंध में उपजिलाधिकारी गोपेश तिवारी ने बताया कि उसके दादा काशी प्रसाद की तीन संतान थीं। ओमप्रकाश, रामप्रकाश, महादेव एवं तीन नाती थे। आनंद तिवारी, योगेश, महेश को काशीप्रसाद ने अपनी संपत्ति योगेश, महेश को 2016 में वसीयत कर दी थी। जिसे लेकर 2019 में तहसीलदार द्वारा वसीयत के आधार पर योगेश, महेश के पक्ष में फैसला सुना दिया था। जिसकी अपील उपजिलाधिकारी के न्यायालय में की गई थी। जिसमें तहसीलदार को पुन सुनवाई के आदेश दिए गए थे। तहसीलदार ने 28 अगस्त को पुन पूर्व आदेश को बहाल करते हुए आदेश पारित कर दिया। जिससे वह क्षुब्ध हो गया एवं पानी की टंकी पर चढ़ गया।

पीड़ित आनंद तिवारी का आरोप है कि योगेश, महेश ने दादा काशी प्रसाद को गुमराह कर 2016 में वसीयत पर दस्तखत करा लिए थे। फिलहाल लिखित कार्रवाई की जांच के बाद वह टंकी से नीचे उतरा। फिलहाल इस पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

# लव जिहाद : बुर्का पहनकर कोर्ट पहुंची युवती ने मोहम्मद मुस्लिम से की शादी, मचा हंगामा

जौनपुर, 01 सितम्बर (हि.स.)। हिंदुत्व को लेकर योगी सरकार द्वारा लगातार बयानबाजी और हिंदुओं को जगाने के लिए किए जा रहे तमाम हिंदू संगठनों के प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं।




मुस्लिम लड़के हिंदू लड़कियों को अपने प्रेम जाल में फंसा कर उनसे बराबर शादी कर रहे हैं। वहीं हिंदू लड़कियां भी इनमें कहीं पीछे नहीं है। उन्हें भी अपने धर्म समाज का जरा भी डर नहीं है और न परिवार की परवाह है।

ताजा मामला शनिवार को दीवानी न्यायालय में उस समय हंगामा मच गया जब खुटहन थाना क्षेत्र निवासी एक युवती मांग में सिंदूर लगाकर बुर्का पहनकर एक युवक मोहम्मद मुस्लिम के साथ शादी करने दीवानी न्यायालय पहुंची। जब अधिवक्ताओं को पता चला कि युवती हिंदू है तो हंगामा खड़ा कर दिया। मामला लव जिहाद का था। युवक मोहम्मद मुस्लिम ने बताया कि दोनों ने नोटरी हलफनामा से विवाह किया है। अधिवक्ताओं व अन्य लोगों द्वारा किए जा रहे हंगामे को देखते हुए पुलिसकर्मी युवक और युवती को लाइन बाजार थाने ले गए। देखने में युवती नाबालिग लग रही थी। अधिवक्ताओ ने युवती से कहा कि तुम मांग में सिंदूर लगाई हो तो बुर्का पहन कर यहां शादी करने क्यों आई थी। उससे यह भी पूछा गया कि कहीं तुमने धर्म परिवर्तन तो नहीं किया है। तो उसने कहा कि नहीं धर्म परिवर्तन नहीं की हूं।अधिवक्ताओं ने दोनों को घेर कर पूछताछ करना चालू किया। हंगामा बढ़ते देख पुलिस दोनों को थाने ले गई।

इस मामले में रविवार को जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकार शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि खुटहन थाने में मोहम्मद मुस्लिम निवासी गांव सुल्तानपुर अशरफगढ़ के खिलाफ 29 अगस्त को लड़की के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार को दोनों न्यायालय में शादी करने की कोशिश में थे कि उससे पहले ही पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया है। आगे विधिक कार्रवाई की जा रही है। आरोपी मुस्लिम के खिलाफ पीड़िता के पिता ने खुटहन थाने में अपहरण की एफआईआर दर्ज कराया है। उधर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस खोज रही थी। इधर वह दीवानी न्यायालय में आकर पीड़िता से शादी कर रहा था।

# नौकरानी से दुष्कर्म मामले में पूर्व कांग्रेस नेता गिरफ्तार

जौनपुर, 01 सितम्बर (हि.स.)। कोतवाली क्षेत्र के कजियाना मोहल्ले में कांग्रेस नेता और पूर्व शहर उपाध्यक्ष मुफ्ती मेंहदी के घर में काम करने वाली नौकरानी से दुष्कर्म के मामले में रविवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

कोतवाली अंतर्गत शेख मोहामिद निवासी पीड़ित ने शनिवार को कोतवाली एवं पुलिस अधीक्षक डॉ.अजय पाल शर्मा को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मुफ्ती मेंहदी निवासी कजियाना कोतवाली के घर पर 10 वर्षों से झाड़ू-पोछा का काम करती थी। मुफ्ती मेंहदी कहे कि वह उससे प्यार करते हैं और जल्द शादी करेंगे। इसके बाद बहला फुसलाकर उसके साथ यौन सम्बंध बनाए। उस समय उसकी उम्र 15 वर्ष थी। मुझे आश्वासन के तौर पर कपड़े और चप्पल आदि दिलवाते थे। यह क्रम काफी दिनों तक चला। जब मैं शादी के लिए कहती तो वह इधर-उधर की बात कर टाल जाते थे। जब मैं जिद करने लगी तो मुफ्ती मुझे और मेरे घर वालों को जान से मारने की धमकी देने लगे। अंतरंग तस्वीरें दिखाकर धमकी देते कि अगर उसकी बात नहीं मानेगी तो उसे वायरल कर देंगे। उसी तस्वीरों को दिखाकर मुझे डरा धमका कर सम्बंध बनाते रहे। मुझे अन्य लोगों से भी सम्बंध बनाने को कहते थे, जब मैं मना कर देती थी तो मुझे मारते पीटते थे।

27 अगस्त की शाम सात बजे मुफ्ती मुझे घर बुलाकर मेरे साथ सम्बंध बनाने के लिए कहे, जब मैं मना कर दी। फिर मारपीट कर जबरदस्ती सम्बंध बनाए। मुझसे कहे कि अगर यह बात पुलिस को बताएगी तो उसके परिवार के साथ उसे भी जान से मार देंगे।

इस मामले में शहर कांग्रेस अध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि मुफ्ती पूर्व में शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष थे। 26 मार्च 2022 को उन्होंने इस्तीफा दे दिया। वर्तमान में वो पार्टी के प्राथमिक सदस्य हैं या नहीं इसके बारे में जानकारी नहीं है। हां पूर्व में वो पार्टी के पदों पर रहे हैं। अभी उनके ऊपर कोई आरोप सिद्ध नहीं है।

वहीं इस मामले में बात करते हुए शहर कोतवाल मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि कांग्रेस नेता मुफ्ती मेंहदी को नौकरानी की तहरीर पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। वह पूर्व में कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रहा है।

# प्रेमी के विक्षोह में किशोरी ने किया कीटनाशक का सेवन, हालत गंभीर

मीरजापुर, 1 सितंबर (हि.स.)। मीरजापुर- सोनभद्र की सीमा के एक गांव निवासी किशोरी को उसके पिता ने प्रेमी से मिलने पर पाबंदी लगा दी तो उसने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। घटना शनिवार की है।

मीरजापुर-सोनभद्र की सीमा पर स्थित सोनभद्र के एक गांव की किशोरी का पड़ोसी युवक से प्रेम हो गया। किशोरी अपने घर से चुपके से प्रेमी से मिलने उसके घर चली जाती थी। इसकी भनक लगने पर परिजन ने किशोरी का प्रेमी से मिलना-जुलना बंद करा कर घर से बाहर निकलने पर पाबंदी लगा दी।

प्रेमी से न मिल पाने पर किशोरी ने शनिवार को घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। देर रात उल्टी होने व मुंह से झाग निकलने पर परिजन उसे सीएचसी राजगढ़ ले गए, जहां चिकित्सक ने किशोरी को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया।

सीएचसी प्रभारी डा. संतलाल ने बताया कि किशोरी जहर खाकर आई थी। उसे ट्रामा सेंटर मीरजापुर रेफर कर दिया गया है।

# पीयू में गोल्ड मेडल सूची पर आई दस आपत्तियां

जौनपुर, 01 सितम्बर (हि. स.)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 28 वें दीक्षांत समारोह के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्रों की सूची 27 अगस्त को जारी की गई थी। इसमें स्नातक स्तर पर 15 और स्नातकोत्तर स्तर पर 60 छात्रों को गोल्ड मेडल दिए हैं। कुल 75 छात्रों में 40 छात्राएं व 35 छात्र है। इन्हें उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए यह सम्मान मिलेगा।

परीक्षा नियंत्रक डॉ विनोद कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर गोल्ड मेडल पाने वालों की सूची अपलोड करते हुए छात्रों से 30 अगस्त की शाम पांच बजे तक आपत्तियां दर्ज कराने को कहा था। इस सम्बंध में रविवार को हिन्दुस्थान समाचार प्रतिनिधि से बात करते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया इस अवधि में कुल दस आपत्तियां प्राप्त हुई। इसमें स्नातक स्तर पर तीन और स्नातकोत्तर स्तर पर सात है। यह सूची में शामिल नामों की सटीकता व अन्य सम्बंधित मुद्दों पर है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण और समीक्षा दो सितम्बर को परीक्षा समिति की बैठक में होगी। इसके बाद अनन्तिम सूची जारी की जाएगी। इस वर्ष के दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय प्रशासन का उद्देश्य है कि उत्कृष्टता का सटीक और निष्पक्ष तरीके से सम्मान हो।

# मथुरा : शाही मस्जिद ईदगाह को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

मथुरा, 1 सितंबर (हि.स.)। शाही ईदगाह को बम से उड़ाने



की धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने रविवार आंधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ लिया है। पुलिस के सामने भी युवक यह कहता रहा कि वो मस्जिद तोड़ने के लिए आया है। आज नहीं तो कल तोड़ ही देगा। शाही ईदगाह पर तैनात जवानों ने

पकड़े गए युवक को गोविंद नगर पुलिस के हवाले कर दिया है।

रविवार घटना करीब एक बजे की है, जब शाही ईदगाह के गेट पर सुरक्षा जवान मुस्तैदी के साथ खड़े थे, तभी एक युवक वहां पहुंचा। उसने शाही ईदगाह को बम से उड़ाने की धमकी दी। इसके बाद वो तेजी से कार में बैठ गया और दरवाजे अंदर से बंद कर लिये। इसके बाद उसने खुद पर पेट्रोल डाल लिया। यह देखकर सुरक्षाकर्मी चौकन्न हो गए और तुरंत ही कार के शीशे तोड़ कर युवक को बाहर निकाल कर हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम थाना जमुनापार क्षेत्र की मीरा विहार कॉलोनी निवासी पुष्पेन्द्र बताया। सूचना पर उसके परिवार के लोग भी थाने पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि पुष्पेन्द्र के बच्चों की मौत हो चुकी है, तभी से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वो ऐसी ही बातें करता रहता है। पुलिस के सामने बैठा भी पुष्पेन्द्र ये कहता रहा कि वो मस्जिद तोड़ने के लिए आया है। आज नहीं तो कल मस्जिद को तोड़ ही देगा।

शाही मस्जिद के पास पकड़े गए पुष्पेंद्र को सुरक्षा जवानों ने गोविंद नगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। गोविंद नगर थाना प्रभारी देवपाल सिंह ने बताया कि युवक सनकी किस्म का है। पूछताछ में वह बार-बार पुलिस को घुमा रहा है। युवक का कहना है कि पुलिस ने उसका चालान कर दिया है। इससे वह नाराज है।

# एटीएफ 4,567.76 रुपये प्रति किलोलीटर तक सस्ता, नई दरें लागू

नई दिल् ली, 01 सितंबर (हि.स.)। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में 4,495.50 रुपये प्रति किलोलीटर (1000 लीटर) तक की कटौती की है। एटीएफ के दाम घटने से हवाई सफर सस्ता होने की संभावना है। नई दरें रविवार से लागू हो गई हैं।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार देश की राजधानी नई दिल्ली में एटीएफ की कीमत 4,495.50 रुपये घटकर 97,975.72 रुपये प्रति किलोलीटर से 93,480.22 रुपए किलोलीटर हो गया है। मुंबई में एटीएफ 4,217.56 रुपये घटकर 91,650.34 रुपये प्रति किलोलीटर से 87,432.78 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है। वहीं, चेन्नई में एटीएफ 4,567.76 रुपये सस्ता होकर 97,064.32 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है।

इसके अलावा कोलकाता में एटीएफ 4,222.44 रुपये कम होकर 1,00,520.88 रुपये प्रति किलोलीटर से 96,298.44 रुपये किलोलीटर हो गया है। गौरतलब है कि त योहारी सीजन में हवाई ईंधन के दाम घटने से हवाई सफर सस् ता होने की उम् मीद है। एटीएफ की दरों का सीधा असर विमान किराये पर दिखता।

## राष्ट्रपति आज जिला न्यायपालिका राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करेंगी

नई दिल्ली, 1 सितंबर (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जिला न्यायपालिका के 800 से अधिक प्रतिभागियों वाले राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति सुप्रीम कोर्ट के ध्वज और प्रतीक चिह्न का अनावरण भी करेंगी।

इससे एक दिन पूर्व शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने दो दिवसीय जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। सीजेआई की अध्यक्षता में दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आज समापन सत्र है।

# देश के निर्माण में सदैव रहा मातृशक्ति का योगदान : लल्लू सिंह

अयोध्या, 1 सितंबर (हि.स.)। सुरेन्द्र लॉन में पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा हरितालिका तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में प्रकृति यादव द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य महिलाओं द्वारा लोकगीत तथा तीज गीतों की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने भगवान शिव तथा माता पार्वती का पूजन कर किया। महोत्सव स्थल पर लगे झूलों का महिलाओं ने आनंद लिया। महोत्सव में लोक संस्कृति तथा लोक परम्पराओं का अनूठा संगम दिखाई दिया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि देश के निर्माण सदैव मातृशक्ति का योगदान रहा। दुनिया के जितने महापुरूष है सबके पीछे कोई न कोई मातृ शक्ति रही है। भारत की संस्कृति तथा लोक परम्पराओं की पहचान पूरे विश्व में बने। मातृ शक्ति ही हमारी लोक संस्कृति तथा परम्पराओं से आने वाली पीढ़ी को परचित करा सकती है। मातृशक्ति के द्वारा ही संस्कार और निमार्ण की प्रक्रिया द्वारा सतत रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के द्वारा महिला कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं दी गई हैं। महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास किया गया है।

महोत्सव में रीना द्विवेदी, शकुंतला त्रिपाठी, बिंदु सिंह, शकुंतला गौतम, शशि रानी शर्मा, रंजन सागर, चंदा सिंह, सरोज मिश्रा, ममता सिंह, प्रसून लता, डॉ. विजय लक्ष्मी जायसवाल, सीता सिंह, महिला थानाध्यक्ष मंजू देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थित रही।

# चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए दुनिया भर से आए फिल्मों के आवेदन, ज्यूरी में हैं देश-विदेश के जाने-माने फिल्मकार

औरैया, 01 सितंबर (हि.स.)। चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के आठवें संस्करण का आयोजन आगामी 7-8 सितंबर को जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में होने जा रहा है।




चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल संस्थापक और चंबल संग्रहालय, पंचनद के महानिदेशक डॉ. शाह आलम राना ने जानकारी देते हुए बताया कि में इस वर्ष भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, बेल्जियम, बुल्गारिया, चीन, कोलंबिया, इटली, रूसी संघ, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, ताइवान, जापान, स्पेन, पुर्तगाल, डेनमार्क, जर्मनी आदि देशों के फिल्मकारों ने विभिन्न श्रेणियों में अपनी फिल्में भेजी हैं। जिसमें से ज्यूरी सदस्यों के निर्णय के बाद चुनिंदा फिल्में चंबल फिल्म समारोह के दौरान प्रदर्शित की जाएंगी।

चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की ज्यूरी में देश-विदेश की पांच शख्सियतें शामिल हैं। जिनमें पहला नाम ताइवान की चर्चित फिल्मकार शिह्युन वांग हैं।

शिह्युन वांग विश्व की ऐसी फिल्म लेखिका,निमार्ता और निर्देशक हैं जिन्होंने वृत्तचित्र, कॉमेडी, विज्ञान-फाई, हॉरर, संगीत, रोमांस और सार्थक फिल्में बनाकर अपनी जादुई प्रतिभा का लोहा मनवाने के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका की भी कई फिल्मों का निर्देशन भी किया। कोविड महामारी के दौरान निर्मित उनकी 24 फिल्मों ने 14 एकोलेड ग्लोबल कॉम्पिटिशन पुरस्कार, 16 इंडीफेस्ट पुरस्कार, 9 सर्वश्रेष्ठ शॉर्ट्स पुरस्कार जीते। इस साल उन्होंने 57वें वर्ल्डफेस्ट ह्यूस्टन में लगभग 17 रेमी जीते।

चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की ज्यूरी में दूसरा नाम चर्चित वैश्विक पुरस्कार विजेता लेखिका और निर्देशक अनुषा श्रीनिवासन अय्यर हैं। अनुषा ने लेखन और निर्देशन के अलावा मीडिया रणनीतिकार, चर्चित टीइडीएक्स वक्ता, लाइफ कोच, सामाजिक उद्यमी पर्यावरण कार्यकर्ता के रूप में अपनी खास पहचान बनाई है। बाल श्रम, आशा और खुशी पर आधारित उनकी फिल्म 'सारे सपने अपने हैं' ने 128 से अधिक पुरस्कार जीते और 150 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रदर्शित होने के साथ काफी सुर्खियों में रही है।

ज्यूरी में तीसरा नाम एंकर और टेलीविजन सेलिब्रिटी डॉ. दीप्ति शर्मा हैं। जिन्होंने एक दशक से अधिक समय तक जी नेटवर्क, सोनी चैनल, यूटीवी, दूरदर्शन आदि जैसे बड़े ब्रांडों के साथ भी काम किया है। वर्तमान में, वह राष्ट्रीय हिंदी पत्रिका ह्यशख्सियतह्व की मुख्य संपादिका हैं। साथ ही थर्ड आई न्यूज नेटवर्क की प्रबंध निदेशक भी हैं।

दीप्ति शर्मा का एक डेली टीवी शो भाग्यम न्यूज 18 पर प्रसारित होता है। उन्होंने भारतीय प्राचीन ज्ञान और संस्कृति पर हार्वर्ड विश्वविद्यालय से अध्ययन किया है। वे प्रति वर्ष आयोजित होने वाले शख्सियत पर्सनैलिटी अवॉर्ड की आयोजक भी हैं जिसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्र्स में भी दर्ज किया गया है। डॉ. दीप्ति शर्मा बेहतरीन गायिका हैं, उनके 4 गाने रिलीज हो चुके हैं।

चंबल फिल्म समारोह की ज्यूरी में चौथा नाम अंतरराष्ट्रीय सेलिब्रिटी डिजाइनर मुमताज खान का है। इन्हें गैर-रासायनिक प्राकृतिक रंगों से मध्यप्रदेश के हैंड ब्लॉक बाग प्रिंट, टिकाऊ हैंडलूम खादी और जरदोजी के काम के लिए जाने जाते हैं। कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में जूरी के रूप में काम कर चुके मुमताज खान ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत मशहूर मर्चेंट आइवरी प्रोडक्शन हॉलीवुड की फिल्म 'इन कस्टडी' से की थी और साथ ही उन्होंने मर्चेंट ऑफ वेनिस और माया- एक नृत्य नाटक के लिए एक बड़े थिएटर प्रोडक्शन के लिए कॉस्ट्यूम भी तैयार किया था। उन्होंने फरीदा जलाल, सुषमा सेठ और रजत कपूर की फिल्म मेहरम के लिए कॉस्ट्यूम तैयार किया है। मुमताज खान को प्रसिद्ध दादा साहब फाल्के सिने और तकनीशियन पुरस्कार मिले हैं।

फिल्म फेस्टिवल के ज्यूरी चेयरमैन और निदेशक प्रोफेसर मोहन दास हैं। तीन दशक से अधिक समय से वे फिल्म निर्माण के क्षेत्र में सक्रिय हैं। पुरस्कार विजेता लेखक, निर्देशक डॉ. मोहन दास ने फिल्म निर्माण के अलावा दो दर्जन से अधिक देश-विदेश के फिल्म महोत्सवों में बतौर ज्यूरी के तौर पर जुड़े हुए हैं।

वैश्विक मंच पर भारतीय सिनेमा, कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पूरी शिद्दत से लगे हुए हैं। लिहाजा सिनेमा के क्षेत्र में उनका अच्छा खासा अनुभव रहा है। वे प्रतिभाशाली फिल्म निमार्ताओं और कलाकारों के लिए सांस्कृतिक मंच और सेतु का लगातार निर्माण कर रहे हैं।

# तीन थानों पुलिस के साथ संयुक्त मुठभेड़ में तीन गो तस्कर गिरफ्तार

जौनपुर ,01 सितम्बर (हि. स.)। शाहगंज कोतवाली थाना अंतर्गत सरपतहां ,शाहगंज और खुटहन थाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा शनिवार देर रात मुठभेड़ के दौरान 3 पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान मुठभेड़ में तीन तस्करों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उनके पास से तमंचा चार गोवंश और एक पिकअप गाड़ी बरामद किया है।घायलों इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में रविवार को जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकार शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि बीती रात सरपतहां थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ सरपतहां मोड़ पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। मुखबिर से सूचना मिली कि गोवंश लदी एक पिकअप सूरापुर की तरफ से आ रही है। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बैरीकेटिंग लगाकर चेकिंग शुरू कर दिया। पुलिस ने पिकअप को रुकने का इशारा किया तो चालक ने पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया और गोली चला दी। इसके बाद पट्टी नरेंद्रपुर की तरफ भागने लगा पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष सरपतहा द्वारा शाहगंज थानाध्यक्ष , खुटहन थानाध्यक्ष व कंट्रोल रूम से सूचित किया कि इधर पिकअप सवार पशु लेकर पैटैला की तरफ भागने लगे जहां शाहगंज और खुटहन पुलिस ने उन्हें घेर लिया। पुलिस से घिरते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ फायरिंग किया। जवाई फायरिंग में तस्करों के पैर में गोली लगी है। गिरफ्तार तस्करों के पास से तीन देशी तमंचे, कारतूस पिकअप गाड़ी चार गोवंश और 1000 रुपये नकद बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त सहाबुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन निवासी लेदरही थाना खेतासरा जौनपुर, मो0 अरशद पुत्र मो0 अहमद निवासी मजडीहा थाना शाहगंज, गोविन्द कुमार पुत्र स्व राजेन्द्र प्रसाद निवासी बड़ौना शाहगंज जौनपुर शामिल है।

# कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस गर्ग पहुँची बाराबंकी

बाराबंकी, 1 सितंबर (हि.स.)। रविवार को कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस गर्ग बाराबंकी के दौलतपुर गांव पहुँचीं। जहाँ पर उन्होंने प्रगतिशील किसान पद्मश्री राम सरन वर्मा से मुलाकात कर इनके द्वारा की जा रही प्रगतिशील खेती केले की फसल को देखा, खेती की नवाचारी विधियों की जानकारी ली, तथा प्रगतिशील किसान रामसरन वर्मा की तारीफ करते हुए किसानों को श्री वर्मा जी से प्रेरणा लेने की बात कही।

उन्होंने गांव के किसानों से भी बातचीत की। सहकारी समिति पर अधिकारियों को भेजकर खाद की उपलब्धता का स्थलीय सत्यापन करने के निर्देश भी दिए। इसके बाद कृषि उत्पादन आयुक्त ने याकूतगंज पहुँचकर वहाँ के किसान द्वारा धान की फसल की सिंचाई के लिये खेत में लगाई गई ड्रिप सिंचाई विधि का बारीकी से अवलोकन किया और किसान से बातचीत की।

इसके बाद उन्होंने बेरिया स्थित कृषक की पॉलीहाउस में की जा रही (फ्लोरी कल्चर) फूलों की खेती को देखा। इस मौके पर डिप्टी डायरेक्टर उद्यान मुख्यालय लखनऊ पंकज शुक्ला , डिप्टी डायरेक्टर उद्यान अयोध्या मंडल गीता त्रिवेदी, डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, एसडीएम सदर, राल्ला पल्ली जगत साईं, प्रशिक्षु आईएएस काव्या सी, डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर श्रवण कुमार, जिला उद्यान अधिकारी महेश कुमार श्रीवास्तव सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# पुरुष व महिला कोर ग्रुप के बेरोजगार खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया देगा दो लाख रुपए का अनुदान

लखनऊ, 01 सितंबर (हि.स.)। खिलाड़ी बिना किसी दिक्कत के अपने खेल कॅरियर पर फोकस कर सके। इसके लिए हॉकी इंडिया ने बड़ी पहल की है। इसके तहत भारतीय पुरुष और महिला संभावित कोर ग्रुप के खिलाड़ियों को दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जिनको अभी नौकरी नहीं मिली है। यह फैसला रविवार को लखनऊ में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया कांग्रेस में लिया गया। इस बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि हॉकी इंडिया फिर से हॉकी इंडिया लीग की शुरूआत करेगा, जिसमें पहली बार महिलाओं की भी लीग होगी।

यह फैसला हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोलानाथ, कोषाध्यक्ष शेखर जे. मनोहरन, कार्यकारी निदेशक कमांडर आरके श्रीवास्तव सहित भारतीय हॉकी टीम की चयन समिति के चेयरमैन डॉ. आरपी सिंह की मौजूदगी में हुई एजीएम में लिया गया। इसी के साथ वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) में हॉकी इंडिया के संस्थापक सदस्य डा.आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ) को खेल के प्रसार में उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।

लखनऊ में पहली बार हुई हॉकी इंडिया की एजीएम में 31 राज्य सदस्य इकाई और हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। इस बैठक के बाद पदाधिकारियों ने लिए गए फैसलों की जानकारी दी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि दो लाख रुपए का आर्थिक अनुदान उन खिलाड़ियों को मिलेगा जिन्हें अभी तक सरकारी विभागों या सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में नौकरी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि अधिकांश हॉकी खिलाड़ियों को सार्वजनिक उपक्रमों और सरकारी विभागों द्वारा घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के लिए नौकरी दी जा रही है।हालांकि यह देखने को मिला है कि सीनियर कोर ग्रुप में कुछ नए खिलाड़ी, विशेषकर महिलाओं में अभी बेरोजगार है। यह वित्तीय सहायता उन्हें या उनके परिवारों को अपनी जरूरतें पूरी करने में सहायक होगी। इस अवसर पर महासचिव भोलानाथ सिंह ने बताया कि हॉकी इंडिया फिर से अपनी हॉकी लीग की शुरूआत कर रहा है जिसमें पहली बार महिलाओं की लीग भी होगी। इसकी शुरूआत 28 दिसंबर, 2024 से प्रस्तावित है। हमारी योजना है कि पुरुष वर्ग की लीग राउरकेला (ओडिशा) व महिला वर्ग की रांची (झारखंड) में होगी। लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 16-17 अक्टूबर 2024 को नई दिल्ली में होना प्रस्तावित है।अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने बताया कि लीग में पुरुषों में आठ टीमों को व महिलाओं में 6 टीमों को जगह मिलेगी, जिनके बीच राउंड रॉबिन लीग के आधार पर मुकाबले होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हॉकी की बेहतरी के लिए हम जोनल ग्रास रुट प्रोग्राम को बेहतर रुप प्रदान करेंगे।




महासचिव भोलानाथ सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश का हॉकी में काफी उल्लेखनीय योगदान है और हमारी योजना निकट भविष्य में लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के टूनार्मेंट कराने की योजना है।

हम यूपी में हॉकी को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे।इसके साथ ही लास एजेंल्स ओलंपिक-2028 को देखते हुए हम प्रतिभाशाली संभावित खिलाड़ियों का एक पूल बनाकर उनकी ट्रेनिंग कराएंगे क्योंकि उससे पहले एशियन गेम्स व वर्ल्ड कप जैसे महत्वपूर्ण आयोजन भी होंगे।

इसके साथ ही एजीएम में अधिकारियों ने सीनियर और जूनियर पुरुषों और महिलाओं में भारतीय राष्ट्रीय टीमों द्वारा की गई प्रगति, भारत में आगामी आयोजनों और जमीनी स्तर पर विकास कार्यक्रमों पर भी चर्चा की।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

फरुखाबाद । रविवार कोकलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉक्टर वी के सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई । बैठक मे एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि माह जुलाई में 37 सड़क दुर्घटनाओं में 21 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि जनवरी से माह जुलाई तक 231 सड़क दुर्घटनाओं में 126 लोगों की मृत्यु हुई । माह जुलाई 2024 में मुख्य रूप से अन्य जिला मार्ग तथा मुख्य जिला मार्ग पर दुर्घटनाओं एवं मृतकों की संख्या बढ़ी है जबकि जनपद के चारों राज्य मार्गो पर दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आई है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को कठोर चेतावनी दी गई कि हरदोई रोड पर जमापुर मोड तक मार्ग की स्थिति अत्यंत दयनीय हैं एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी निरंतर शिकायतें प्राप्त होती हैं, अतः प्रत्येक स्थिति में 15 दिवस के भीतर इस मार्ग को गड्ढा मुक्त करें ।

लोक निर्माण विभाग तथा एन एच ए आई की टीम ठीक सेंट्रल जेल चौराहे पर गड्ढे को 24 घंटे के अंदर सही कराएं।

जनपद में जनपद में वर्ष 2021 से 2023 के आंकड़ों के आधार पर 12 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 7 ब्लैक स्पॉट राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है तथा पांच ब्लैक स्पॉट राज्य मार्ग पर स्थित है । अध्यक्ष महोदय द्वारा लोक निर्माण विभाग , राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, क्षेत्राधिकारी यातायात तथा एआरटीओ को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर सुधारात्मक कार्यो का पूर्ण अवलोकन कर लें तथा आख्या प्रस्तुत करें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड एवं प्रांतीय खंड एवं नगर पालिका को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर सभी गढ्डों की मरम्मत कर दें तथा इस आशय के प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि उनके क्षेत्र के अंदर आने वाली सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त कर दिया गया है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा पुलिस विभाग द्वारा नगर में संचालित वाहनों के विरुद्ध की जा रही प्रवर्तन कार्यवाही जैसे हेलमेट के चालान , बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने के चालान आदि पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा प्रवर्तन कार्यवाही में और तेजी लाने के निर्देश दिए । नगर में जाम की समस्या का कोई समाधान न होने पर भी जिलाधिकारी महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा क्षेत्राधिकारी यातायात को निर्देशित किया कि सभी मुख्य चौराहों पर यातायात पुलिस एवं होमगार्ड के जवानों की ड्यूटी का परीक्षण कर लें ताकि कहीं भी जाम की समस्या उत्पन्न न हो।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि ईदगाह विवाद में समस्त संप्रदाय के संत देंगे गवाही

मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष एवं हिंदू पक्षकार दिनेश शर्मा के नेतृत्व आज वृंदावन में महा संपर्क अभियान चला कर आज वरिष्ठ संतो, आचार्यो से मिलकर, लिस्ट बनाकर चयन किया गया, जिसमें सभी संप्रदायों के संतो, महंतो, एवं आचार्यों ने

श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्ष में हाईकोर्ट में गवाही देने के लिए अपने शपथ पत्र दिए, हिंदूवादी पक्षकार दिनेश शर्मा, न्यास के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बिहारी लाल वशिष्ठ,

ने बताया कि समस्त संप्रदायों के श्री महंत संत विद्वान न्यायालय में गवाही देने को तैयार हैं,

अखिल भारतीय गोंडीय संप्रदाय के श्री महंत फूलडोल बिहारी दास, मलधारी अखाड़े के महंत बृज गोपाल दास जी महाराज, रामानुज संप्रदाय के जगतगुरु स्वामी अनिरुद्ध आचार्य जी महाराज, हरिदास संप्रदाय के महंत राधा बिहारी दास जी महाराज तटीय।

स्थान , निमोर्ही अखाड़ा, महंत सुंदर दास जी, पुष्टिमार्गीय वल्लभ कुंल संप्रदाय के आचार्य श्री हरि सुरेषाचार्य जी महाराज, निम्मार्क संप्रदाय के महंत बालकिशन दास जी महाराज, सहित 50 से अधिक संतों ने आज अपने आधार कार्ड सहित संकल्प पत्र के माध्यम से गवाही को अपना पूर्ण समर्थन दिया

है उन्होंने बताया कि सभी विद्वान संत समय-समय पर माननीय न्यायालय में मौजूद रहेंगे

ओकार महंत श्री अंबिका दास त्यागी जी महाराज ने कहा कि जिस प्रकार हिंदूवादी दिनेश शर्मा त्याग की भावना रखकर मेहनत कर रहे हैं निश्चित रूप से श्री कृष्ण जन्मभूमि जल्द ही मुक्त होगी

महंत रामदेव जी महाराज ने कहा कि 2025 में प्रयागराज के कुंभ मैं होने वाली धर्म संसद में मथुरा जन्मभूमि

की मुक्ति के विषय में प्रस्ताव पास किए जाएंगे इस मौके पर महानगर अध्यक्ष, नरेश ठाकुर डॉ जमुना शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाठक, जिला अध्यक्ष गुंजन शर्मा, महंत मोहन दास जी महाराज,जिला मंत्री ठाकुर सूरज सिंह, राहुल गौतम, महेंद्र चतुर्वेदी,राजेश शास्त्री आदि मौजूद रहे.

# दिल्ली का प्रदूषण सबके सहयोग से कम होगा, विरोध से नहीं : गोपाल राय

नई दिल्ली, 01 सितंबर (हि.स.)। दिल्ली में सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण को कंट्रोल करने में केंद्र की भाजपा सरकार से सहयोग नहीं मिलने पर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कड़ी नाराजगी जताई है। साथ ही, इस संबंध में बैठक करने के लिए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को लिखे गए उनके पत्र पर भाजपा द्वारा आपत्ति जताने पर उन्होंने जवाब दिया है।

गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली का प्रदूषण सबके सहयोग से कम होगा, विरोध से नहीं। इसलिए इस मामले में केंद्र सरकार सहयोग करे। हम कृत्रिम वर्षा का सारा खर्च उठाने के लिए तैयार हैं, लेकिन इसमें कई परमिशन चाहिए, जो केवल केंद्र सरकार ही दे सकती है। उन्होंने कहा कि इस बार पूरे अगस्त में दिल्ली का एक्यूआई 50-70 के बीच रहा, क्योंकि लगातार बारिश होने से प्रदूषण के स्रोत बेअसर हो गए। इसलिए हम सर्दियों में प्रदूषण बढ़ने पर कृत्रिम वर्षा कराना चाहते हैं। इससे पहले, ओलंपिक के दौरान चीन, जंगल में आग लगने पर मलेशिया और एक्यूआई बढ़ने पर पाकिस्तान के लाहौर में कृत्रिम वर्षा कराई जा चुकी है।

राय ने प्रेसवार्ता कर कहा कि नवंबर के महीने में उत्तर भारत और खासतौर से दिल्ली के 250 से 300 किलोमीटर के दायरे में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। प्रदूषण बढ़ने की वजह से दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और उत्तर प्रदेश के अंदर एक आपात स्थिति पैदा हो जाती है। इस प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार लगातार काम कर रही है और इसका हमें परिणाम भी दिख रहा है। दिल्ली में जब से हमारी सरकार बनी है, तब से लगातार प्रदूषण का स्तर कम हुआ है। पूरे साल का आंकड़ा इस बात को बताता है। लेकिन पूरे साल प्रदूषण का स्तर कम रहने के बावजूद नवंबर में इसका स्तर बढ़ता है। उस आपातकाल स्थिति में क्या-क्या आपातकालीन उपाय रखे जा सकते हैं, इसे बताते हुए पिछले साल आईआईटी कानपुर के पर्यावरण विशेषज्ञ ने हमारे सामने प्रस्ताव रखा था कि कई देशों में इस तरह की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कृत्रिम वर्षा और क्लाउड सीडिंग का प्रयोग किया जा रहा है।

# काशी विश्वनाथ धाम के मंदिर चौक में शिव तांडव नृत्य की सामूहिक प्रस्तुति

वाराणसी, 01 सितम्बर (हि.स.)। श्री काशी विश्वनाथ धाम के मंदिर चौक में रविवार की शाम शिवतांडव स्त्रोतम की



खास प्रस्तुति की गई। तमिलनाडु की संस्था आईसीएमडीए की महिला सदस्यों ने देवाधिदेव महादेव के चरणों में विश्व रिकॉर्ड के लिए सामूहिक रूप से शिव तांडव नृत्य की प्रस्तुति की। जिसे देखकर मंदिर चौक में उपस्थित शिवभक्त भी आह्लादित दिखे। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के पूर्व मंत्री व शहर दक्षिणी के विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी और मंदिर न्यास के डिप्टी कलेक्टर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर किया। इसके बाद शिवतांडव स्त्रोतम की विशेष प्रस्तुति में पद्मश्री मृदंग सम्राट डॉ येल्ला वेंकटेश्वर राव ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। लगभग 1000 महिला सदस्यों ने शिव तांडव की प्रस्तुति कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के बाद सामूहिक शिव तांडव में शामिल महिलाओं का सम्मान किया गया।

ठाणे महेश्वर मण्डल ने किया रुद्राभिषेक

श्री काशी विश्वनाथ दरबार में रविवार को श्री ठाणे महेश्वर मण्डल की पहल पर माहेश्वरी समाज के लोगों ने रूद्राभिषेक किया। आयोजन के लिए वाराणसी मंडलायुक्त एवं मंदिर न्यास की कार्यपालक समिति के सभापति कौशल राज शर्मा के निर्देश पर मंदिर न्यास ने शेष सभी देव विग्रह की विशिष्ट आराधना की। विभिन्न स्त्रोतों के स्तवन से समस्त शैव, शाक्त, वैष्णव, गणपति एवं अन्य देवी देवताओं की विशिष्ट आराधना का महायज्ञ एक साथ संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में प्रयागराज के मंडलायुक्त यजमान की भूमिका में रहे। अनुष्ठान में व्हीलचेयर पर बैठे वरिष्ठ नागरिकों ने भी भागीदारी की।

# बांग्लादेश: मोहम्मद युनुस के वायदे का सच सामने आया, हिंदू शिक्षकों से जबरन लिया जा रहा इस्तीफा

ढाका, 1 सितंबर (हि.स.)। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार की बर्खास्तगी के बाद कट्टरपंथी देश के विभिन्न सरकारी क्षेत्रों में काम करने वाले हिंदू कर्मचारियों को निशाना बना रहे हैं। उन्हें सरकारी नौकरियों से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। ताजा मामला सरकारी शिक्षण संस्थानों में काम करने वाले हिंदु शिक्षकों से जबरन इस्तीफा लिए जाने का है। जिसमें बकरगंज के सरकारी कॉलेज की प्रिंसिपल शुक्ला रानी हलदर की तस्वीर सामने आई है, जिसमें वे इस्तीफा देते हुए दिख रही हैं।

बांग्लादेशी दैनिक प्रोथोम अलो के मुताबिक 29 अगस्त की दोपहर छात्रों और कुछ बाहरी लोगों के समूह ने प्रिंसिपल शुक्ला रानी हलदर के कार्यालय को लगभग चार घंटे तक घेरे रखा और अंततः उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस दौरान उन्हें भीड़ ने जिस तरह बंधक बनाए रखा, वे काफी असहज दिख रही थीं, जिसकी तस्वीर देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

14वें बीसीएस शिक्षा संवर्ग की अधिकारी शुक्ला रानी हलदर ने 2022 के मध्य में बेकरगंज सरकारी कॉलेज के प्रिंसिपल के रूप में जिम्मेदारी संभाली थी।इससे पहले, उन्होंने बरिशाल में सरकारी ब्रोजोमोहन (बीएम) कॉलेज में अंग्रेजी प्रोफेसर के रूप में कार्य किया। सोशल मीडिया पर कई शिक्षाविदों और पूर्व छात्रों ने उनके जबरन इस्तीफा लिए जाने की निंदा की।

बांग्लादेश से निर्वासित लेखिका तस्लीमा नसरीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के हालात चिंताजनक हैं, सरकारी अधिकारियों को मार रहे हैं। उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। जेलों में डाला जा रहा है। हिंदुओं के अलावा, अहमदिया मुसलमानों को भी प्रताड़ित किया जा रहा है, उनके उद्योगों को जलाया जा रहा है।

सूफी मुसलमानों की मजारों और दरगहों को ध्वस्त किया जा रहा है। इन सब पर नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस चुप हैं। दावा किया जा रहा है कि शेख हसीना के देश छोड़ने के दिन 05 अगस्त से अबतक करीब 50 हिंदु शिक्षकों को देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से इस्तीफा देना पड़ा है।

बांग्लादेश छात्र एक्स परिषद ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा किया।

जिन शिक्षकों पर इस्तीफा देने के दवाब बनाया जा रहा है उनमें से पुलिस लाइन हाई स्कूल एंड कॉलेज, ठाकुरगांव के प्रधानाचार्य भुवेशचंद्र रॉय, होली फैमिली नर्सिंग कॉलेज की सहायक प्रोफेसर सोनाली रानी दास, चांदपुर के पुराण बाजार डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य रतन कुमार मजुमदार, काजी नजरुल इस्लाम विवि के कुलपति सौमित्र शेखर, खुलना के कोईर स्थित कपोतक्ष महाविद्यालय के प्रधानाचार्य अद्रिश आदित्य मंडल, अरबी के जनसंपर्क प्रशासक डॉ. प्रणब कुमार पांडे सहित कई अन्य शिक्षक व प्रशासक शामिल हैं।

# सड़क दुर्घटना में ऑटो सवार महिला की मौत

कानपुर, 01 सितम्बर (हि.स.)। कैण्ट थाना क्षेत्र में रविवार को एक ऑटो विक्रम और कार में भिड़ंत हो गई। हादसे में ऑटो सवार महिला की मौके पर मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को हटाकर यातायात को सुचारु रुप से चालू कराया।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि कैण्ट थाना क्षेत्र में 10 नंबर कैंटीन के पास एक ऑटो विक्रम तेजी से आ रहा था और विपरीत दिशा से मारुति एस कार आ रही थी। अनियंत्रित होने पर दोनों वाहन की सीधी टक्कर हो गई जिससे ऑटो में सवार एक महिला की मौके पर मौत हो गई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मौके पर पुलिस मौजूद है और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को किनारे करके यातायात को सुचारु रुप से चालू करा दिया गया है। घायलों और मृतका के परिजन मौके पर पहुंच गये हैं। मृतका का नाम विग्गा बताया जा रहा जो डिप्टी पड़ाव की रहने वाली है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर रही है।

# अधिवक्ता की मां का निधन, जताई गयी संवेदना

प्रतापगढ़। वरिष्ठ अधिवक्ता मिथलेश त्रिपाठी की मां राजकुमारी देवी (103) का शनिवार को गम्भीर बीमारी के चलते रायबरेली एम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह समाजसेवी करूणापति त्रिपाठी की भी मां थी। राजकुमारी के निधन को लेकर रामपुर बावली स्थित पं. रामानंद सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज तथा विद्याधर मिश्र विज्ञान एवं अनुसंधान महाविद्यालय में शोकसभाओं में उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। शोकसभा में प्रबन्धक डॉ. अरूण शंकर मिश्र, अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अधिवक्ता संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, सिंटू मिश्र, जीतेन्द्र तिवारी, रूद्रनाथ तिवारी आदि रहे। इधर तहसील में भी संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में साथी की मां के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक का संचालन महामंत्री सूर्यकान्त निराला ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, कालिका प्रसाद पाण्डेय, अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र, संतोष सिंह, विनोद शुक्ला, शैलेन्द्र मिश्र, प्रमोद तिवारी, पं. राजेन्द्र मिश्र, प्रभाकर पाल, हरिश्चन्द्र पाण्डेय, मस्तराम पाल, घनश्याम मिश्र, अनूप पाण्डेय, बीडी पटेल, आशीष तिवारी, शिवेन्द्र तिवारी आदि अधिवक्ता रहे।

# कोरांव के बड़ी नहर में मिला युवक शव, हत्या की आशंका

प्रयागराज, 01 सितम्बर (हि.स.)। यमुनानगर के कोरांव थाना क्षेत्र के कोसफरा गांव के बड़ी नहर में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार कोरांव नगर पंचायत की रहने वाली रजिया बेगम ने कोरांव पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार की शाम पास-पड़ोस के ही तीन लोग आए और उसके पति ताज मोहम्मद को साथ ले गए। देर रात साथ ले जाने वाले साथी लोग ताज मोहम्मद का चप्पल घर लेकर आए और उसकी पत्नी को देते हुए बताया कि उसका कुछ पता नहीं चल रहा। रविवार सुबह थाना क्षेत्र के कोसफरा गांव की बड़ी नहर में ताज मोहम्मद का शव मिला। मृतक की पत्नी ने रुपये के लेन-देन में साथियों द्वारा हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोसफरा बड़ी नहर के किनारे शाम के समय शराब पीने वालों का जमावड़ा लग जाता है। सूत्रों द्वारा बताया गया कि शाम के समय उक्त लोग नहर किनारे शराब पी रहे होंगे और फिसलने से ताज नहर में चला गया। जिससे नशे में होने से वह बाहर नहीं निकल सका और उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को नामजद तहरीर दी है। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी हुई है।

कोरांव पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला स्पष्ट हो जाएगा। उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रोला और रोडवेज बस की भिडंत में दो घायल

फिरोजाबाद आगरा फिरोजाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित टोल टैक्स के समीप रोडवेज बस और ट्रोला की भिडंत हो गई जिसमें दो लोग घायल हो गए सरकारी एंबुलेंस दोनों को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आए हैं




टोल टैक्स के समीप रविवार की दोपहर मथुरा डिपो की बस संख्या यू पी 85 ए टी 6019 आगरा से फिरोजाबाद आ रही थी बस टोल टैक्स के समीप पहुंची ही थी तभी एक अनियंत्रित ट्रोला से टकरा गई जिसके फल स्वरुप उसमें सवार मथुरा निवासी लोकमनी पुत्र विजय और थाना मठ सेना क्षेत्र के गांव दतावली निवासी अजय यादव पुत्र संतोष यादव घायल हो गये सूचना मिलते ही सरकारी एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई है जहां दोनों का उपचार जारी है

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है , कि सरकारी ट्रामा सेंटर में उपचार के लिये लाये गये अज्ञात युवक को समय से उपचार नही दिया गया,एवं उपचार में लापरवाही बरतने की खबर को समाचार पत्रों में छापा गया तो मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ बलवीर सिंह का पारा हाई हो गया। और ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उपचार में बरती गई लापरवाही को छिपाने के उद्देश्य से अपने मोबाइल फोन द्वारा एक समाचार पत्र के जिला संवाददाता को तरह तरह की बातों के साथ कहने लगे कि खबरों को जानकारी करके लिखा करे। और कहने लगे कि जिसके बारे में आपने पेपर में लिखा है, वह मरीज न होकर उसका अटेन्डेन्ट था। प्रचार्य के दावे के अनुसार जब वह मरीज न होकर अटेन्डेन्ट था, तो उसे उपचार क्यो दिया गया, और रोगी का नाम इमरजेंसी रजिस्टर में दर्ज क्यो नही किया गया।उसे अज्ञात में क्यों रखा गया। और कहने लगे कि जमीन पर तो ट्रामा सेंटर में रात को बहुत से लोग जमीन पर सो जाते है। उनसे जब ट्रामा सेंटर में लापरवाही के बारे में कहा तो उन्होंने कहा कि हमारे यहाँ किसी भी रोगी के उपचार में कोई लापरवाही नही बरती जाती है।

सभी को सही ढंग से इलाज दिया जाता है। जिस मरीज के बारे में प्राचार्य बलवीर सिंह ने कहा था , कि वह मरीज नही था, लेकिन बड़े दुख के साथ लिखना पड़ रहा है। कि उस अज्ञात युवक को अगर सही समय से उपचार मिल जाता तो उसकी जिन्दगी को बचाया जा सकता था। जब कि उस अज्ञात के बारे में अभी तक यह जानकारी नही मिल सकी है, कि मृतक कहा और किस जनपद का रहने वाला है। हालांकि पुलिस अब उसके बारे में जानकारी करने का प्रयास कर रही है।

# खेत पर करंट लगने से युवक की मौत

फिरोजाबाद थाना एका क्षेत्र के गांव नगला गडूआ मैं शनिवार की रात खेत में पानी लगाते समय करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है

नगला गडुआ निवासी 26 वर्षीय कुलदीप पुत्र रामस्वरूप शनिवार की रात अपने खेत पर पानी लगा रहा पानी लगाते समय वह अपनी मेड पर आ गया जहां पड़ोसी के खेत में आवारा पशुओं को रोकने के लिए तार की बाढ़ लगाई गई थी जिसमें करंट प्रवाहित था कुलदीप उन तारों से छुब गया जिसके फल स्वरुप उसे जोरदार करंट लग गया और वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो वह आनंन-फानन में खेत पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए एटा अस्पताल ले गए जहा चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया जिससे



परिजनों में कोहराम मच गया परिजन शवको लेकर गांव पहुंचे और सूचना पुलिस को दी पुलिस शवको पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है जहां रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है

# मैनपुरी के युवक को बाइक सवारों ने बंधक बनाकर खंदी में फेंका

**बाइक की डिग्गी में रखे दो मोबाइल,पर्स,सोने की चेन तथा 4000 रुपये लेकर हुए फरार**

शिकोहाबाद। मैनपुरी से बाइक द्वारा फीरोजाबाद आ रहे युवक को दूसरी बाइक सवार तीन युवकों ने रोक लिया और उसके साथ मारपीट की। उसे बंधक बना कर खंदी में डाल दिया और उसकी बाइक की डिग्गी में रखे दो मोबाइल, पर्स, सोने की चेन और चार हजार रुपये लेकर फरार हो गये। पीड़ित की सूचना पर थाना पुलिस ने बाइक सवार तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मैनपुरी के मोहल्ला चोथीयान निवासी विक्रम सिंह पुत्र स्व. सियाराम 30 अगस्त को रात्रि साढ़े 11 बजे अपनी बाइक से फिरोजाबाद आ रहा था। अरांव रोड़ पर जियो पेट्रोल पंप के समीप उसकी मोटर साइकिल तीन अज्ञात बाइक सवार युवकों की मोटर साइकिल से टकराते हुए बच गई। इसके बाद उक्त युवकों ने उसके साथ गाली गलौज करने लगे। लेकिन वह अपनी मोटर साइकिल लेकर आगे निकल आया। इसके बाद बाइक सवार तीनों युवक तेज रफ्तार से अपनी बाइक को लेकर आए और उसकी बाइक के आगे लगा कर संत जनूबाबा चोकी से 600 मीटर पहले रोक लिया। इसके साथ ही बाइक से उतर कर उसको मारने पीटने लगे और उसे खींच कर खाई में ले गये। यहां उसके हाथ-पैर बांध कर डाल दिया। इसके बाद तीनों युवक उसकी मोटर साइकिल की डिग्गी में रखे दो मोबाइल, एक पर्स, चैन और 4 हजार रुपये लेकर भाग गए। किसी तरह उसने हाथ-पैर खोल कर खंदी से बाहर आया और चौकी पर जाकर अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर जान लेवा हमले के साथ ही अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

# शिक्षिका कमलेश हत्याकांड का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

शिकोहाबाद। नसीरपुर पुलिस ने शिक्षिका हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कार चालक को गिरफ्तार कर कार को बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं घटना के मुख्य आरोपी सीमा यादव, और उसके दो दोस्त फरार चल रहे हैं। एसएसपी ने तीनों फरार आरोपियों पर दस-दस हजार रुपये की इनाम की घोषणा की है। पकड़े गये आरोपी कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है।

थाना नसीरपुर पुलिस टीम ने 26 को एक महिला कमलेश सरकारी टीचर की हुई हत्या का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आए एक आरोपी बिल्लू उर्फ सागर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त आई 10 लाल रंग की गाडी बरामद कर ली। पूछताछ में पकड़े गये आरोपी ने बताया कि कमलेश यादव शिक्षिक के साथ प्रापर्टी डीलिंग का भी काम करती थी।

वाँछित आरोपित सीमा यादव द्वारा मृतका कमलेश से करीब 50 लाख रुपए कर्ज उधारी में लिए थे। रुपए को न देने पड़ें इस लिए उसने अपने अन्य साथियों के संग मिलकर शिक्षिका कमलेश की हत्या कराई थी।

एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि 26 अगस्त को नसीरपुर थाना क्षेत्र अंतगर्त पुन्नछा के समीप मिली थी। जिसमें मृतका के पुत्र चिराग यादव की तहरीर के आधार पर संदेह के आधार पर सीमा यादव के नाम पर मुकदमा दर्ज किया गया था। क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में 3 पुलिस टीमों का गठन किया गया था ।

टीम द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर खास की सूचना पर हत्या में प्रकाश में आए वाँछित आरोपी बिल्लू उर्फ सागर निवासी ग्राम नगला गोकुल थाना बसई मौहम्मदपुर को एक सितंबर को नौरंगी घाट बटेश्वर रोड़ से घटना में प्रयुक्त आई.10 गाडी लाल रंग नम्बर यूपी 83 पी 6975 सहित गिरफ्तार किया है । गिरफ्तारी के आधार पर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# फॉगिंग न होने से नालियों में पनप रहे डेंगू के मच्छर

**पालिका द्वारा नालियों और खाली प्लाटों में भरे पानी की निकासी का नहीं हो रहा काम**

शिकोहाबाद। नगर में साफ सफाई के नाम पर पालिका द्वारा कोई कार्य नहीं कराया जा रहा है। बारिश के मौसम में गंदगी और जलभराव होने से नालियों और खाली पड़े प्लाटों में डेंगू के मच्छर पनप रहे हैं। जो आगामी समय में महामारी का खतरा बढ़ा सकते हैं। स्थानीय जनता ने नगर पालिका प्रशासन से नालियों, गलियों और खाली पड़े प्लाटों में भरे पानी को निकासी कराने के साथ ही फोगिंग मशीन से छिड़काव कराने और दवा छिड़काव कराने की मांग की है। जिससे मच्छरों को पनपने से रोका जा सके।

नगर में प्रत्येक मोहल्ले में खाली प्लाट पड़े हैं। इन प्लाटों में झाड़ियों के साथ ही बारिश का पानी भरा हुआ है। जिसकी बजह से मच्छरों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। कई दिनों से भरे पानी में डेंगू के मच्छर भी पनप रहे हैं। जिससे आगामी दिनों में यह महामारी का खतरा बढ़ा सकते हैं। इस लिए इन मच्छरों के पनपने से पहले ही नगर पालिका को जाग जाना चाहिए। और समय रहते हुए नालियों में दवा का छिड़काव कर मच्छरों के अंडों को नष्ट करना चाहिए। जिससे मच्छरों की संख्या में वृद्धि को रोका जा सके। वहीं खाली पड़े प्लाटों में बारिश के मौसम में उग आई झाड़ियों के साथ ही उनमें भरे पानी को भी निकालने की व्यवस्था करनी चाहिए। जिससे उनमें भी मच्छरों के पनपने से रोका जा सके। लेकिन पालिका प्रशासन ने अभी तक इस ओर कतई ध्यान नहीं दिया है। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी सुरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि शीघ्र ही फोगिंग कराई जाएगी और मच्छर मारने की दवा का भी छिड़काव कराया जायेगा।

# दंपत्ति पर घर में घुसकर मारपीट का मुकदमा दर्ज

शिकोहाबाद। एक महिला ने अपनी ननद और ननदोई पर घर में घुसकर मारपीट करने तथा मारपीट में सरिया प्रहार कर उसका सिर फोड़ने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दंपत्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता पुष्पादेवी निवासी लकी गैस्ट हाउस के सामने रमेश नगर ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें उसने कहा है कि 28 अगस्त को रात आठ बजे के करीब वह अपने घर पर थी। तभी उसकी ननदोई अमरपाल और ननद नीरू देवी निवासी झपारा थाना जसराना आए। घर में घुसते ही उन्होंने गाली गलौज की और मारपीट करने लगे। आरोप है कि ननदोई अमरपाल ने उसके सिर में सरिया से प्रहार किया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई।

पीड़िता ने बताया कि उसने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उसका मेडिकल कराया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीपकुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर दंपत्ति के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

## मनीष सिसोदिया जी को दी गई जमानत ने एक बार फिर सत्य की विजय

मथुरा, आज माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नई शिक्षा क्रांति के अग्रदूत मनीष सिसोदिया जी को दी गई जमानत ने एक बार फिर सत्य की विजय को साबित किया है। 17 महीने से भाजपा सरकार के इसारे पर ईडी द्वारा षड्यंत्र करके बिना किसी सबूत के जेल में रखे गए सिसोदिया जी को मिली जमानत से, आज न केवल आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं में खुशी की लहर है बल्कि न्याय प्रिय जनता भी मनीष सिसोदिया को जेल से बाहर देखना चाहती थी। मनीष सिसोदिया को मिली जमानत ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे लाखों बच्चों के चेहरे पर खुशियां ला दी हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद ईडी को ना तो कोई सबूत मिला ना ही कोई धनराशि वसूल हुई ।अंततः ईडी के तमाम षड्यंत्र नाकामयाब हुए हैं। विपक्षियों को जेल में रखने की साजिश करने वाली केंद्र की भाजपा सरकार को करारा जवाब मिला है और भाजपाइयों के नापाक इरादों पर पानी फिर गया है। जिस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय ने मनीष सिसोदिया जी को जमानत दी है इसी प्रकार से शीघ्र ही आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल एवं सत्येंद्र जैन जेल की सलाखों से बाहर होंगे।

# यूपी में भी फामेर्सी प्रेक्टिस शुरू कराने को प्रयासरत है एसो.-शिवकुमार

फि रोजाबाद अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार ने कहा कि देश के कुछ राज्यों में फामेर्सी प्रैक्टिस एन्ड रेगुलेशन लागू हो गया है। उत्तर प्रदेश में भी बहुत जल्दी लागू कराने की माननीय राजन राय एवं माननीय ओमप्रकाश शुक्ला की डबल बेंच के समक्ष सुनवाई हुई। कास्मेटिक एक्ट, पीपीआर 2015 के साथ ही फामेर्सी एक्ट 1948 द्वारा फार्मासिस्ट को जो अधिकार दिए गए हैं उससे रेगुलेशन एक्ट 2015 फामेर्सी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 10 और 18 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया, केंद्र सरकार की मंजूरी के साथ, ऐसा करती है।



तैयारी चल रही है , ज्ञात हो अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा उत्तर प्रदेश में पीपीआर 2015 लागू कराने हेतु माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ की डबल बेंच में राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह की देखरेख और दिशा निर्देशन मे जनहित याचिका दायर की गयी है।कल जिसकी सुनवाई आमजन को फायदा उठाने चाहिए, उन्होने कहा कि साथ ही जनता को जनता को जागरूक होना चाहिए कि फार्मासिस्ट दवा का ज्ञाता होता ह

और औषधि के डोज, डोजेज फॉर्म ,लेने का तरीका साइड इफेक्ट आदि की जानकारी फार्मासिस्ट से करनी चाहिए ।फामेर्सी प्रैक्टिस एन्ड

इस अवसर पर शिव कुमार प्रदेश अध्यक्ष, अजीत सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रशांत सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, हरिओम सिंह जिलाध्यक्ष गोंडा,फिरोजाबाद से डॉ. विष्णु बघेल जिला मीडिया प्रभारी,भानू प्रताप सिंह, विपुल ,चंद्र प्रकाश ओझा, नदीम सचिन आदि फार्मासिस्ट साथी उपस्थित रहे।

# डॉ (सीए) विकास चतुवेर्दी को यूपी सरकार से अंतर्राष्ट्रीय नेतृत्व पुरस्कार मिला

## डॉ विकास चतुवेर्दी ने ब्रजभूमि का नाम किया रोशन

## वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष चतुवेर्दी के है एक लोटे सुपुत्र

मथुरा भारतीय चैंबर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर द्वारा 30 और 31 अगस्त को लखनऊ में 2 दिवसीय खाद्य और कृषि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में बागवानी, कृषि, किसानों की आय दोगुनी करने, एग्रीटेक स्टार्टअप्स, संयुक्त उपक्रमों और वैश्विक सहयोग पर चर्चा हुई। उत्तर प्रदेश के बागवानी मंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह जी ने उद्घाटन सत्र में मुख्य भाषण दिया, जिसमें उन्होंने फसलों में मूल्य संवर्धन, किसानों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने और परिवहन में वृद्धि, किसानों की औसत भूमि धारणा में गिरावट जैसी चुनौतियों से निपटने पर बात की।

सम्मेलन के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी द्वारा 21 प्रतिष्ठित संस्थानों को पुरस्कार दिए गए, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के लिए अमिट योगदान दिया है। मथुरा के डॉ (सीए) विकास चतुवेर्दी, वैल्यूसेंट ग्रुप के सीईओ, को उत्तर प्रदेश के लिए व्यवसाय बढ़ाने और यूरोप और उत्तर प्रदेश के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय नेतृत्व पुरस्कार मिला।

डॉ चतुवेर्दी ने बीज वैली पार्क, कृषि उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने और किसानों और एफपीओ को यूरोप में निर्यात बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने पर चर्चा की। अन्य प्रमुख पुरस्कार विजेताओं में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईआईटी रोपड़, डीसीएम श्रीराम, धनुका एग्रीटेक, ग्रामिक, एवीपीएल इंटरनेशनल आदि शामिल थे।

नीदरलैंड में स्थित डॉ चतुवेर्दी एक वैश्विक व्यवसायी हैं, जो भारत के साथ व्यवसाय बढ़ाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। उन्होंने भारत में निवेश जुटाने के लिए 8 से अधिक राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम किया है। डॉ चतुवेर्दी शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सलाहकार हैं और आईसीएआई नीदरलैंड, असोसचम यूरोप और इंडो-डच वित्तीय गलियारे सहित अन्य के संस्थापक अध्यक्ष हैं। डॉ एम जे खान, आईसीएफए के अध्यक्ष, मुकेश सिंह, आईएफसीए यूपी अध्यक्ष, तुषार शर्मा, आईएफसीए यूपी निदेशक, यूपी बीज विकास निगम के निदेशक, कृषि निदेशक, आईसीएआर निदेशक, नाबार्ड निदेशक, नामीबिया से उच्चायुक्त, जांबिया से व्यापार के प्रथम सचिव और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# युवती को भगा ले जाने का मामला दर्ज

जसराना। थाना जसराना के एक गांव निवासी युवती को दुपट्टा एवं चप्पल नहर के किनारे मिलने एवं घर में आत्महत्या करने का पत्र मिलने पर परिजन एवं पुलिस युवती को नहर में तलाश कर रहे थे। रविवार को पुलिस को कुछ और ही कहानी देखने को मिली। युवती को एक युवक भगा ले गया था। रिपोर्ट पिता ने दर्ज कराई है। पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती शुक्रवार की देर रात घर से गायब हो गई थी। घर में नहर में कूदकर आत्महत्या करने का पत्र मिला था। शनिवार की सुबह युवती का दुपट्टा और चप्पल मुस्तफाबाद नहर के किनारे मिली थी। तभी से परिजन एवं पुलिस युवती को नहर में तलाश रहे थे। वहीं परिजनों को मालूम हुआ कि रिश्तेदारी का ही एक युवक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर युवक रोहित कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती को बरामद करने का प्रयास किया। पुलिस युवती को बरामद कर पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह ने कहा मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

फि रोजाबाद राधा रानी गार्डन फतेहाबाद रोड पर नव जीवन सोसाइटी एवम संकल्प शिक्षा सेवा संस्था*द्वारा रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सैकड़ों रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र दिए गए। रक्तवीरों ने और अन्य संस्थाओ ने एवम प्रदेश के अन्य शहरों से आए लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। नवजीवन सोसाइटी के *अध्यक्ष इंजीनियर भूपेंद्र निषाद* ने रक्तवीरों एवम कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए रक्त दान महादान से संबंधित फायदों के बारे में बताया और कहा "कि जो करता अपने रक्त का दान, देव तुल्य है वह इंसान"। रक्तदान सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक है, रक्त की जरूरत धर्म और जाति नहीं देखती सबके खून का रंग लाल ही होता है।

संस्था के *मीडिया प्रभारी रश्मि कांत राठौर* ने अपने वक्तव्य में कहा कि *" मौका दीजिए अपने खून को किसी की रगों में बहने का, यह लाजवाब तरीका है कई जिस्मों में जिंदा रहने का"*। एक बार दान किया गया रक्त 4 अलग अलग भागों में बांटा जाता है, और जरूरत के हिसाब से अलग अलग बीमारी में उपयोग किया जाता है।

एक बार रक्तदान करके आप एक साथ 4 लोगों की जान बचाने में मदद करते हैं, साथ ही रक्तदान शरीर की रोग प्रतिकारक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है। हमें आंतरिक खुशी प्रदान करता है।

*रक्तवीर श्री अमित गुप्ता*ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश भर में कहीं भी किसी को रक्त की आवश्यकता हो तो बस एक कॉल पर रक्त उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी लेते हैं।

कार्यक्रम के दौरान सचिव रोहित वर्मा, अतिथि बृज मोहन कश्यप, ' बघेल, सुखदेव वर्मा ढउर, निहारिका वर्मा प्रधान, प्रदीप गौतम (ग्लोबल ब्लड बैंक फाउंडर), अरविंद यादव आदि सम्मानीय लोग उपस्थित रहे।

## नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति जागरूकता आवश्यक-प्रो. सतपाल

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को यहां नागरिक कर्तव्य एवं उनके निर्वहन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजर्षि टण्डन मुक्ति विश्वविद्यालय के मानविकी निदेशक प्रो. सतपाल तिवारी ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में पंचप्राण में नागरिक कर्तव्य महत्वपूर्ण विषय है। वहीं उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक व्यक्ति को अपने नागरिक कर्तव्यों का सदैव निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्राचार्य डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा ने भी नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता को महत्वपूर्ण कहा। संघ के बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डा. सौरभ पाण्डेय ने विषय प्रवर्तन किया।

संचालन मधुकर ने किया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने देश भक्ति, कानून का पालन, सामाजिक न्याय, पर्यावरण सुरक्षा, शिक्षा और जागरूकता, सामुदायिक सेवा आदि विषयों पर विचार रखे। कार्यक्रम में रमेश पटेल, नगर संघ संचालक संतोष, राकेश, किसान नेता भानू प्रताप सिंह, प्रेम बहादुर सिंह, आचार्य राम अवधेश मिश्र, सतीश मिश्र, डॉ. शक्तिधर नाथ पाण्डेय, हरि शंकर द्विवेदी, बालजी मिश्रा, मंटू पाण्डेय, शैलेन्द्र, अमरमणि आदि रहे।

# उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के चुनाव में हेमंत तिवारी लगातार पांचवीं बार अध्यक्ष चुने गए

## भारत सिंह सचिव व आलोक कुमार त्रिपाठी कोषाध्यक्ष पद पर हुए निर्वाचित

( उमाकांत पचौरी )
(लखनऊ ब्यूरो )

फिरोजाबाद / लखनऊ 1 सितंबर । उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के शनिवार को हुए चुनाव में हेमंत तिवारी फिर पांचवीं बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। जबकि भारत सिंह सचिव व आलोक कुमार त्रिपाठी कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

अध्यक्ष हेमंत तिवारी को सबसे ज्यादा 395 मत मिले, जबकि दूसरे नंबर पर रहे मनोज मिश्रा को 279 मत मिले। सचिव पद के लिए भारत सिंह को सबसे ज्यादा 192 मत मिले। दूसरे नंबर पर रहे शिव शरण सिंह को 189 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर आलोक कुमार त्रिपाठी को सबसे ज्यादा मत 257 व दूसरे नंबर पर रहे इंद्रेश रस्तोगी को 174 मत मिले।

मालूम हो कि मान्यता प्राप्त समिति के चुनाव में प्रदेश मुख्यालय स्तर पर मान्यता प्राप्त पत्रकार शामिल हैं। हर दूसरे साल समिति का चुनाव कराया जाता है। हेमंत तिवारी पिछले कई वर्षों से अध्यक्ष पद पर लगातार निर्वाचित हो रहे हैं। पिछले चुनाव में सचिव पद पर शिव शरण सिंह जीते थे, पर इस बार वह चुनाव हार गए। उपाध्यक्ष पद पर आकाश शेखर शर्मा अविनाश चंद्र मिश्र राघवेंद्र त्रिपाठी तथा संयुक्त सचिव पद पर विजय कुमार त्रिपाठी अनिल कुमार सैनी नीता देवी निर्वाचित हुई हैं ।

वहीं दूसरी ओर कार्यकारिणी के 12 सदस्य निर्वाचित हुए हैं जिसमें दिलीप सिंन्हा रितेश सिंह अब्दुल वहीद नवेद शिकोह वेद प्रकाश दीक्षित शवीहुल हसन भूपेंद्र मणि त्रिपाठी राघवेंद्र प्रताप सिंह रेनू निगम शेखर पंडित सुयश मिश्रा सत्येंद्र राय आदि प्रमुख हैं ।

जनपद फिरोजाबाद से प्रदेश के राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त पत्रकार सुनील वशिष्ठ ने निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी निर्वाचित पदाधिकारीयों का स्वागत किया है । फिरोजाबाद जनपद के वरिष्ठ पत्रकार द्विजेंद्र मोहन शर्मा उमाकांत पचौरी राकेश शर्मा चुन्नू राजेश जबरेजा नरेंद्र वशिष्ठ कौशल किशोर राठौर आदि पत्रकारों ने सभी निर्वाचित पदाधिकारीयों को बधाई देते हुए पत्रकार हित में कार्य करने की मांग की है,





# पर्यटन मंत्री ने की जनसुनवाई, समस्याओं का निदान पाकर खिले चेहरे

फिरोजाबाद, 1 सितम्बर (हि.स.)। प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अपने सिरसागंज स्थित कैंप कार्यालय पर रविवार को जनसुनवाई की। जिसमें दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा। पर्यटन मंत्री ने अधिकारियों को जनता की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।

शासन की प्राथमिकता है कि शासन के प्रतिनिधि लोगों के बीच उपस्थित रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करें जिससे शासन और आम नागरिकों की बीच की दूरी कम हो सके, साथ ही शासन का लोक कल्याण स्वरूप निकलकर सामने आए। इसी जनहित कार्य की विचारधारा को फलीभूत करने हेतु पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अपने सिरसागंज स्थित कैंप कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया। जिसमें दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं को पर्यटन मंत्री के समक्ष रखा।

पर्यटन मंत्री ने समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और कुछ का उन्होंने तुरंत समाधान कराया।एक शिकायतकर्ता जितेंद्र जो कि गांव हरदासपुर का रहने वाला है जब उसने अपनी विषम परिस्थितियों को पर्यटन मंत्री के समक्ष रखा की 29 हजार रुपए राम किशोर नामक व्यक्ति ने उसके ले लिए हैं और वापस देने से इनकार कर रहा है, इस पर उन्होंने तत्काल एसएचओ को विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इससे उसके चेहरे पर संतोष और सुरक्षा दोनों का भाव नजर आया। इसी तरह प्रधान विनोद कुमार शर्मा ने जब एक लेखपाल की भ्रष्टाचार की शिकायत की तो पर्यटन मंत्री ने तुरंत उप जिलाधिकारी को अपने स्तर से जांच करने के निर्देश दिए। इसी तरह से जनसुनवाई के दौरान कानून व्यवस्था, गांव की साफ-सफाई, अवैध कब्जा, पेंशन और आवास न मिलने की शिकायत आई, जिनका समाधान उन्होंने तत्काल किया।



पर्यटन मंत्री ने आए हुए नागरिकों को छोटी-मोटी समस्याओं को सहमति और सुझाव से समझाने की बात भी की और साथ ही उन्होंने आए हुए नागरिकों को आश्वासन दिया कि आपके साथ न्याय होगा, किसी भी प्रकार का कोई अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एक व्यक्ति जो अपने बच्चों के साथ आया था उसने कंप्यूटर ऑपरेटर हेतु आवेदन किया था उसकी सिफारिश भी की उसका चयन इस पद पर हो जाए इस पर पर्यटन मंत्री ने कहा कि अगर आपका बच्चा योग्य है, इस पद के सारे मापदंड को पूरा करता है तो निश्चित ही उसका चयन होगा क्योंकि हमारी सरकार की प्राथमिकता ही है

शत-प्रतिशत गुणवत्ता, ईमानदारी और निष्पक्षता। इस तरह पर्यटन मंत्री ने आए हुए समस्त नागरिकों की समस्याओं को सुना और उसको शीघ्र ही दूर करने का आश्वासन दिया।

# पुलिस का 5 घंटे चला अभियान, 75 अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद, 01 सितम्बर



(हि.स.)। जनपद पुलिस ने शनिवार की रात्रि में पांच घंटे अभियान चलाकर 75 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त है जो फरार चल रहे थे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा वारंटियों एनबीडब्लू व एसआर केसो में वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध शनिवार की रात्रि को 12.00 बजे से सुबह 05.00 बजे तक अभियान चलाया। इस अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा कुल 75 जिसमें 71 एनबीडब्ल्यू व 4 एसआर वारंटी वाँछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनमे थाना उत्तर ने 5, थाना दक्षिण ने 9, थाना रामगढ़ ने 7, थाना रसूलपुर ने 2, थाना टूण्डला ने 2, थाना पचोखरा ने 2, थाना रजावली ने 5, थाना नारखी ने 1, थाना नगला सिंघी ने 2, सिरसागंज ने 10, थाना अराँव ने 6, थाना शिकोहाबाद ने 10, थाना खैरगढ़ ने 2, थाना जसराना ने 3, थाना एका ने 4, थाना फरिहा ने 2, थाना नसीरपुर ने 3, थाना नगला खंगर ने अभियुक्त को पकड़ा है।

इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 5 घण्टे में 71 एनबीडब्लू वारंटियों तथा 4 एसआर केसों में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 75 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस के अनुसार वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# अज्ञात युवक को समय से उपचार मिल जाता तो बच सकती थी जान

फिरोजाबाद, शुक्रवार की रात मेडिकल कॉलेज के सरकारी ट्रामा सेंटर में उपचार के लिये लाये गये अज्ञात युवक को यदि समय से उपचार मिल जाता तो उसकी जान बचाई जा सकती थी यही अज्ञात युवक सरकारी ट्रामा सेंटर के फर्श पर उपचार के अभाव में रात भर पड़ा रहा था फिलहाल शव को विच्छेदन ग्रह में रखवा दिया गया हैऔर सूचना पुलिस को भेजी है

शुक्रवार की रात एक युवक को उपचार के लिये सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। पलंग खाली न होने के कारण वह उपचार के अभाव में पूरी रात ट्रामा सेंटर परिसर में जमीन पर ही पड़ा रहा,यही नही किसी भी चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी ने उसे उपचार देने की आवश्यकता नही समझी। जब शनिबार की प्रात इमरजेंसी ड्यूटी बदली गयी, तब उसे पलंग मुहैय्या कराया गया। और इंट्राकेड लगाया गया। और उसे उपचार दिया गया। और उसे भर्ती कर जिला अस्पताल के वार्ड नम्बर 04 में रैफर कर दिया। जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। परिवार का कोई सदस्य पास में न होने के कारण उसके शव को पोस्टमार्टम के लिये विच्छेदन ग्रह में रखवाने के साथ सूचना पुलिस को भेज दी है।

# अंग्रेजी शराब के 29 क्वाटर सहित एक गिरफ्तार

शिकोहाबाद। थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। तलासी में उसके कब्जे से अंग्रेजी शराब के 20 क्वाटर बरामद किये हैं। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में कार्यवाही करते हुए उसको न्यायालय में पेश किया।

प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि सूचना पर मुस्तफाबाद रोड पर झाऊलाल इंटर कॉलेज के आगे एक खाली प्लाट से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 29 क्वाटर अंग्रेजी शराब के बरामद हुए। पकड़े गये आरोपी ने अपना नाम संजय कुमार निवासी अंगदपुर मक्खनपुर बताया। पुलिस ने उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया।

## पत्नी के मायके से न आने पर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

फिरोजाबाद। थाना रामगढ़ क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। उसकी पत्नी मायके काफी समय से मायके में थी। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

हसमत नगर निवासी सलमान 26 वर्ष पुत्र नूर मोहम्मद हेयर कटिंग का काम करता था। उसने

घर में फांसी लगा ली। परिवारीजनों ने उसे लटका देखा तो चीख पुकार की। मोहल्ले के लोग वहा पहुंच गए।

पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव पोस्टमार्टम को विच्छेदन गृह पहुंचाया।

परिवार के लोगो का कहना था सलमान की कुछ महीने के बाद ही शादी हुई थी। शादी के कुछ दिनो के बाद ही वह मायके चली गई। कई बार बुलाने के बाद भी वह नहीं आई।

इसी कारण उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# पुलिस ने दस वांछित आरोपितों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

शिकोहाबाद। थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे दस आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है।



प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछितों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे दस आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जिन्हें बाद में न्यायालय के आदेस पर विदिक कार्यवाही की। जिन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उनमें विशाल, मनीष निवासी गिहार कालोनी, सचिन उर्फ नीतू निवासी मुस्तफाबाद रोड शिकोहाबा, हिमांशु निवासी नगला कुंवर प्रसाद, महीपाल सिंह निवासी कटरा मीरा, विजेंद्र सिंह निवासी शंकरपुरी, मोहम्मद शानू निवासी एटा तिराहा, करुआ यादव निवासी झमझमपुर, कालीचरन निवासी छीछामई और गोलू उर्फ मोहित निवासी मोहल्ला खेड़ा हैं।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गये सभी वांछित आरोपितों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया है।

# वांछित आरोपितों पर 10-10 हजार का इनाम

एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया ने बताया कि शिक्षिका हत्याकांड में वांछित तीन आरोपियों पर एसएसपी सौरभ दीक्षित ने हरीशंकर उर्फ हरिओम निवासी नगला गुरूकुल थाना बसई मोहम्मदपुर,टीटू उर्फ संदीप यादव निवासी हुकमपुरा (नगला केहरी) थाना घिरोर जनपद मैनपुरी सीमा यादव निवासी एदलनगर आसफाबाद थाना रसूलपुर पर 10.10 हजार रुपए का पुरूष्कार घोषित किया है।




वाँछित आरोपितों की गिरफ्तारी हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा सम्भावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है ।

# *पुलिस ने अभियान चला 75 अभियुक्त पकड़े

फिरोजाबाद। जनपद पुलिस ने शनिवार की रात रात कोअभियान चला 75 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिसमें 71 एन बी डब्लू तथा 4 एस आर वारण्टी वांछित अभियुक्त है। पुलिस का रात 12 से 5 बजे तक अभियान चला।

पुलिस के पांच घंटे चले अभियान से क्षेत्रो में हड़कंप मच गया। पुलिस रात भर अभियुक्तों के यहां दबिश देती रही।

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की है।

थाना उत्तर ने 5, थाना दक्षिण ने 9, थाना रामगढ़ ने 7, थाना रसूलपुर ने, थाना टूण्डला ने 2, थाना पचोखरा ने 2, थाना रजावली ने 5, थाना नारखी ने 1, थाना नगला सिंघी ने 2, थाना सिरसागंज ने 10, थाना अराँव ने 6, थाना शिकोहाबाद ने 10, थाना खैरगढ़ ने 2 थाना जसराना ने 3 थाना एका ने 4, फरिहा ने 2, थाना नसीरपुर ने 3 अभियुक्तों को पकड़ा है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रशान्त वशिष्ठ के लिये पुष्प प्रिंटर्स, बौधाश्रम फिरोजाबाद से छपकर कार्यालय दैनिक सच क्या है बौधाश्रम फिरोजाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक- छीतरिया शर्मा
फोन नं. 05612297399.
9411927251,
9259041013,
9997830502
E-mail fzd@suchkyahai.com
suchkyahai@gmail.com
suchkyahai87@gmail.com

# ब्राण्ड एम्बेसडर ने दिलाई विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ

सिरसागंजः- नगर पालिका परिषद, सिरसागंज के तत्वाधान में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रंजना गुरुदत्त सिंह के निर्देशन में स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर अश्वनी कुमार जैन ने जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाई। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाते हुए कि मैं स्वंय स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और उसके लिए समय दूँगा। हर वर्ष सौ घण्टे यानी हर सप्ताह दो घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा। मैं न गंदगी करूँगा और न किसी को करने दूँगा। सबसे पहले मैं स्वंय से , मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गाँव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूँगा। मैं यह मानता हूँ कि दुनियां के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं, उसका कारण यह है कि वहाँ के नागरिक गन्दगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गाँव-गाँव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान में अधिक से अधिक जनमानस को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर कु तनु, सुशान्त, ललित कुमार, नीरज, सुशान्त, अनुज कश्यप, विशाल, हर्ष कुमार, रितिक कुमार, सुमित, विराट यादव, ईशू, शिवा आदि उपस्थित रहे।




# नहर में बहता मिला युवक का शव

फिरोजाबाद थाना सिरसागंज क्षेत्र के सूरजपुर दुगमई नहर में रविवार की प्रातः युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है

सूरजपुर दुगमई नहर में रविवार की प्रातः युवक का सब ग्रामीणों ने पड़ा देखा तो ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची जिसने लोगों की सहायता से शव को पानी से बाहर निकाला और उसकी पहचान करने का प्रयास किया परंतु शव की पहचान नहीं हो सकी पुलिस अज्ञात के रूप में शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है जहां शव को विच्छेदन ग्रह में रखवा दिया है इस संबंध में थाना प्रभारी से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया की शव छह सात दिन पुराना है और उसकी बॉडी फूल गई है चेहरे पर चोट के निशान हैं संभवत किसी ने हत्या कर शव पानी में बहा दिया है पोस्टमार्टम के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा